आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर, रविवार 15 जून 2025 ■ आषाढ़ कृष्ण पक्ष-4 ■ वर्ष -41 ■ अंक-078 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 16 जून 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## शिक्षा में बदलाव की बयार

**संदर्भ : नया शिक्षण सत्र**

**संजय दुबे**

छत्तीसगढ़ में शिक्षा व्यवस्था को लेकर जो शिकायतें वर्षों से गूंजती रही हैं, अब लगता है कि सरकार ने उन्हें गंभीरता से सुना है। प्रदेश में युक्तियुक्तकरण के नाम पर जो कदम उठाए गए हैं , वे न केवल प्रशासनिक सुधार हैं बल्कि शिक्षा के अधिकार की दिशा में एक ठोस प्रयास भी हैं। राज्य के 54 हजार से ज्यादा स्कूलों में से सैकड़ों स्कूल ऐसे थे जहां शिक्षक तक नहीं थे। करीब सात हजार स्कूलों में एकमात्र शिक्षक बच्चों का भविष्य संवारने में अकेला जूझ रहा था। सवाल यह नहीं कि शिक्षक क्यों नहीं थे, सवाल यह है कि इतने वर्षों तक यह स्थिति बनी कैसे रही? अब सरकार ने शिक्षकों की तैनाती को लेकर जो नई व्यवस्था बनाई है, उसमें स्कूलों की ज़रूरत, छात्रों की संख्या और संसाधनों की उपलब्धता को आधार बनाया गया है। इस युक्तियुक्तकरण से सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि हर स्कूल में कम से कम ज़रूरी शिक्षक तो होंगे। बच्चों को अब यह चिंता नहीं होगी कि उन्हें पढ़ाएगा कौन। उम्मीद है इसका सीधा असर 16 जून से शुरू हो रहे नए शिक्षण सत्र में दिखाई देगा, क्योंकि अब छत्तीसगढ़ में कोई भी स्कूल ऐसा नहीं है जो शिक्षक विहीन हो। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में की गई इस पहल में शिक्षा को प्राथमिकता देना स्पष्ट परिलक्षित होता है। खासकर, दूरदराज और आदिवासी अंचलों में अब शिक्षक पहुँचे हैं, जहाँ पहले सिर्फ नाम के स्कूल थे और बच्चों के अधूरे सपने। इतना ही नहीं सरकार ने 5000 नए शिक्षकों की भर्ती का ऐलान भी किया है, जो इस पूरी कवायद को ज़मीनी मजबूती देगा। बेशक, कुछ विरोध और शंकाएं भी सामने आईं — जैसा हर बदलाव में होता है। लेकिन जब बात बच्चों की पढ़ाई की हो, तो अस्थायी असुविधाओं की आड़ में सुधार रोकना ठीक नहीं। अब यह जरूरी है कि यह व्यवस्था कागजों तक सीमित न रह जाए। शिक्षक सिर्फ तैनात न हों, वे पढ़ाएं भी। स्कूलों में ज़रूरी सुविधाएं हों और समय-समय पर निगरानी भी हो। तभी यह उजियारा स्थायी हो पाएगा।



हालांकि, सरकार का यह कदम बताता है कि अगर नीयत साफ हो और दिशा सही, तो शिक्षा जैसे संवेदनशील क्षेत्र में भी बदलाव लाया जा सकता है। उम्मीद की जानी चाहिए कि यह युक्तियुक्तकरण छत्तीसगढ़ के भविष्य को एक नई दिशा देगा — शिक्षित, सशक्त और समावेशी।

## श्रमिकों के होनहार नोनी बाबुओं का मुख्यमंत्री ने किया सम्मान

**प्रत्येक मेधावी को 2 लाख की प्रोत्साहन राशि दी गई**

रायपुर, 15 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के तहत बोर्ड परीक्षा में कक्षा दसवीं और बारहवीं के टॉप 10 में आए पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने -दो लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि वितरित की। रायपुर के न्यू सर्किट हाउस में आयोजित इस कार्यक्रम में 31 मेधावी छात्र छात्राओं को प्रोत्साहन राशि दी गई। इस अवसर पर श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन और छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ. राम प्रताप सिंह भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने होनहार विद्यार्थियों को और उनके पालकों शुभकामनाएं दी. साथ ही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह योजना श्रमिकों के मेधावी बच्चों को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने में काफी मददगार साबित होगी. इस योजना के तहत 1 लाख रुपये दोपहिया वाहन के लिए और 1 लाख रुपये नकद प्रोत्साहन राशि के रूप में शामिल है।



### श्रमिकों के खातों में 19.71 करोड़ रुपए

इसी तरह में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल ने राज्य के 38 हजार 200 निर्माण श्रमिकों के लिए 19.71 करोड़ रुपये से ज्यादा की सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में डीबीटी की जायगी। यह राशि विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत प्रदान की गई. मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार की नई औद्योगिक नीति की सराहना आज देशभर के औद्योगिक समूह कर रहे हैं. और उन्होंने निवेश की पहल भी शुरू कर दी है. साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के टेक्सटाइल नीति भी उद्योगपतियों को रास आ रही है. जल्द ही इस क्षेत्र में बड़े उद्योग समूह छत्तीसगढ़ में दस्तक दे सकते हैं. इससे बड़े पैमाने पर रोजगार की संभवान बनेगी.



## केदारनाथ धाम से लौट रहा हैलिकॉप्टर क्रैश, 7 की मौत

**नैनीताल, 15 जून।** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ धाम से वापस फाटा आ रहा हेलिकॉप्टर सुबह 5 बजकर 20 मिनट पर क्रैश हो गया. हेलिकॉप्टर में सवार सभी सात लोगों की मौत हो गई. सभी शव बुरी तरह से जल गए हैं. सीएम पुष्कर सिंह धामी ने हादसे को लेकर अधिकारियों से बात की है. साथ ही रविवार के लिए हेलिकॉप्टर सेवा चारधाम में बंद कर दिया गया है. हेलिकॉप्टर गौरीकुंड के जंगल में क्रैश हुआ है. मारे गए लोग उत्तरप्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र के रहने वाले थे. इस बार के चारधाम यात्रा में कई बार हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है.

## मरीन ड्राइव निर्माण का विरोध कर रहे 50 से ज्यादा लोग गिरफ्तार

**जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शुक्ला भी गिरफ्तार**

**रायगढ़, 15 जून।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में प्रस्तावित मरीन ड्राइव निर्माण को लेकर लोगों का विरोध दूसरे दिन भी जारी रहा। रविवार की सुबह निगम का तोड़ू दस्ता वहां फिर से तोड़फोड़ कार्रवाई करने के लिए पहुंचा तो स्थानीय लोग विरोध करने लगे। जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों के साथ विरोध करने लगे। लोगों की नाराजगी और विरोध बढ़ता देख आखिरकार पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा और पुलिस ने मौके से 50 से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए लोगों में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अनिल शुक्ला, पूर्व विधायक प्रकाश नायक नेता प्रतिपक्ष सलीम नियारिया, पूर्व सभापति जयंत ठेठवार, ग्रामीण जिलाध्यक्ष नागेंद्र नेगी सहित 50 से अधिक लोग शामिल हैं। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर पुलिस लाइन में रखा हुआ है। इधर कार्रवाई को लेकर कांग्रेस विरोध कर रही है। कांग्रेस का कहना है कि जिला प्रशासन जबरदस्ती बिल्डरों को फायदा पहुंचाने के लिए मरीन ड्राइव का निर्माण कर रही है।

कांग्रेस का कहना है कि मरीन ड्राइव से आम लोगों को कोई फायदा नहीं होने वाला है। कांग्रेस का यह भी कहना है कि जिला प्रशासन ने मरीन ड्राइव के लिए जो मेजरमेंट की है वह गलत है। अगर नदी के किनारे से मेजरमेंट किया जाए तो बड़ी संख्या में मकान को बचाया जा सकता है। लेकिन प्रशासनिक टीम तोड़फोड़ पर अड़ी हुई है जिसका भी विरोध कर रहे हैं।

## रायपुर में होगा भारत-न्यूजीलैंड का टी-20 मुकाबला जनवरी में

**रायपुर, 15 जून।** क्रिकेट प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी है. रायपुर के क्रिकेट स्टेडियम को चौथी बार इंटरनेशनल मैच की मेजबानी का सुनहरा मौका मिला है.

न्यूजीलैंड की टीम जल्द ही भारत के दौरे पर आने वाली है. इस दौरे में न्यूजीलैंड तीन वनडे और 5 टी-20 मुकाबलों की सीरीज खेलेगी. सभी मुकाबले अलग-अलग वेन्यू में खेले जानें हैं. एक मैच रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में भी खेला जाएगा. भारतीय टीम साल 2026 की शुरुआत तीन वनडे मैचों से करेगी, जिसमें उसका सामना न्यूजीलैंड की टीम से होगा. वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 11 जनवरी को खेला जाना है. इस सीरीज के के बाद दोनों टीमें 5 मैचों की टी-20 सीरीज भी खेलेगी.

रायपुर का शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत-न्यूजीलैंड के बीच टी-20 मुकाबला खेला जाएगा. दोनों टीमों के बीच टी20 सीरीज का पहला मैच 21 जनवरी को नागपुर के मैदान पर खेला जाएगा तो वहीं दूसरा मुकाबला 23 जनवरी को रायपुर के इंटरनेशल स्टेडियम में होगा. वहीं तीसरा मैच 25 जनवरी को गुवाहटी के मैदान पर होगा.

## अलग-अलग सड़क हादसों में 4 लोगों की मौत, 19 घायल

**कोंडागांव/सरगुजा/बालोद, 15जून।** छत्तीसगढ़ में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है. रविवार को अलग-अलग इलाकों से सड़क दुर्घटना सामने आई है. इन सड़क हादसों में 4 लोगों ने जान गंवा दी है. वहीं 19 लोग घायल हो गए हैं, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है. कोंडागांव से दिल दहला देने वाली सड़क दुर्घटना हुई, जहां शादी से लौट रहे लोगों की वाहन दुर्घटना का शिकार हो गई. क्रूजर अनियंत्रित होकर खेत में पलट गई. भीषण सड़क हादसे में 3 महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 15 लोग घायल हुए हैं. घटना बड़ेडोंगर थाना क्षेत्र की है. जानकारी के अनुसार, सभी कोंडागांव के भूमका दीगानार के पास वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए थे. शनिवार रात करीब 10 बजे वे वापस लौट रहे थे, इसी दौरान उनकी कार अनियंत्रित होकर खेत में जाकर पलट गई. दर्दनाक सड़क हादसे में 3 महिलाओं की मौत हो गई. घायलों को निजी वाहनों की मदद से फरसगांव स्वस्थ केंद्र पहुंचाया गया है. जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है. मामले में पुलिस ने घटना के कारणों के जांच में जुटी हुई है.



**बर्थडे पार्टी से लौटने के दौरान आउट ऑफ कंट्रोल हुई बाइक -** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. बर्थडे पार्टी में शामिल होकर लौट रहे युवकों की तेज रफ्तार बाइक सड़क हादसे का शिकार हो गई. हादसे में बाइक चालाक की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं बाइक सवार अन्य दो युवक गंभीर रूप से घायल है. घायलों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है. जानकारी के अनुसार, तीन युवक बर्थडे पार्टी से लौट रहे थे. इस दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंबे से जा टकराई. हादसा कुनिया एक्स पार्टी नर्सरी के पास हुआ है. बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई. हादसे में दो घायल युवकों का स्थानीय समुदायिक स्वास्थ्य में इलाज जारी है.

**बोलेरो और ट्रक में आमने-सामने की टक्कर**-तीसरा सड़क हादसा बालोद जिले से सामने आया है, जहां बोलेरो और ट्रक में आमने-सामने की टक्कर हुई है. हादसे में बोलरो के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. कार सवार दो लोग हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. बालोद - राजहरा मार्ग में देहान गांव के पास हादसा हुआ है.

## खनिज माफियाओं की गुंडागर्दी, युवक को बांधकर बेल्ट से पीटा

**बलौदाबाजार, 15 जून।** प्रदेश में अवैध रूप से खनिज उत्खनन के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहा है। पुलिसिया कार्रवाई नहीं होने खनिज माफियाओं के हौसले बुलंद है और बेखौफ होकर इस काम को अंजाम दे रहे हैं। इतना ही नहीं ये माफिया अवैध उत्खनन के खिलाफ आवाज उठाने वालों को धमकी दे रहे हैं और मारपीट जैसे कृत्य कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला बलौदाबाजार जिले से सामने आया है। यहां एक बार फिर खनिज माफियाओं की गुंडागर्दी देखने को मिली। मुखबिरी का आरोप लगाकर युवक को तालिबानी सजा दी है। इस मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।



## लखनऊ में अमित शाह ने नवचयनित सिपाहियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

**लखनऊ, 15 जून।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 60,244 से अधिक पुलिसकर्मियों की सामूहिक भर्ती को राज्य के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह रविवार को लखनऊ में 60,244 नवचयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र सौंपी। मुख्यमंत्री योगी ने राज्य के युवाओं के सपनों को हकीकत में बदलने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को भी दिया। अमित शाह ने कहा कि आज यहां उत्तर प्रदेश पुलिस बल में जो नई भर्तियां हुई हैं, उनमें 12 हजार से अधिक महिलाएं हैं। अमित शाह ने कहा कि हमने महिलाओं के लिए जो आरक्षण दिया था, उसे उत्तर प्रदेश में पूरी तरह लागू किया गया है। अगर मैं पीएम मोदी के शब्दों का इस्तेमाल करूं तो आप 'अमृतकाल' में यूपी पुलिस में शामिल होने जा रही हैं। उन्होंने कहा कि आज मेरे सामने बैठे युवाओं के जीवन का सबसे शुभ दिन है क्योंकि आज उत्तर प्रदेश के हर जाति, समुदाय और जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले 60 हज़ार से ज़्यादा युवा भारत के सबसे बड़े पुलिस बल का सक्रिय हिस्सा बनने जा रहे हैं। राज्य की कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही थी। लेकिन 2017 में राज्य में भाजपा की सरकार बनने और योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस फिर से नई ऊंचाइयों को छूने की ओर अग्रसर हो गई। शाह ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि आज तक पुलिस बल में भर्तियां जाति के आधार पर होती थीं। लेकिन आज तकनीक के माध्यम से पारदर्शिता के कारण आप सभी की नियुक्ति हुई है। आज सीसीटीवी कैमरे हैं, कंट्रोल रूम हैं, कमांड सेंटर हैं, पीसीआर वन है, 150 से ज्यादा एफएसएल यूनिट हैं। आप सभी को इसे आगे बढ़ाना है। मुझे विश्वास है कि आप सुरक्षा, सेवा और संवेदनशीलता के मंत्र को लेकर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय दंड संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और नागरिक सुरक्षा अधिनियम, इन तीनों कानूनों के बारे में मैं आज आपको बता रहा हूँ कि पाँच साल में देश में ऐसी स्थिति पैदा हो जाएगी कि अगर कोई एफआईआर दर्ज होती है तो नागरिक को तीन साल में सुप्रीम कोर्ट तक न्याय मिलेगा। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्दीधारी बलों के लिए एक नियम है- जितना पसीना प्रशिक्षण में बहाओगे, जीवन में उतना ही कम खून बहेगा।



## पूर्व सीएम विजय रुपाणी का डीएनए हो गया मैच

**अहमदाबाद, 15 जून।** अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी की मौत हो गई थी। अब उनका डीएनए मैच होने की पुष्टि हुई है। गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने डीएन मैच होने की पुष्टि की है। अभी अभी उन्होंने गांधीनगर में मीडियकर्मियों को जानकारी दी है। इसके साथ ही गुजरात के हेल्थ मिनिस्टर ऋषिकेश पटेल ने अस्पताल में मीडिया से की और बताया कि विजय रुपाणी का डीएनए मैच हो गया है, उनके परिवार को इस बारे में सूचित किया गया है। उनके परिवार के सदस्य थोड़ी ही देर में यहां पहुंचेंगे, फिर जिस तरह से बताएंगे.

## ब्रिटेन के फाइटर जेट की भारत में इमरजेंसी लैंडिंग

**तिरुवनंतपुरम, 15 जून।** ब्रिटेन के एक फाइटर जेट ने भारत में इमरजेंसी लैंडिंग की है। यह विमान तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंड हुआ है। बताया जाता है कि इस फाइटर जेट में ईंधन काफी कम हो गया था। इसलिए किसी आपात स्थिति से बचने के लिए जेट को आनन-फानन में नीचे उतारना पड़ा। जानकारी के मुताबिक यह फाइटर जेट एफ 35 है, जिसे ब्रिटेश नेवी इस्तेमाल करती है। खबर लिखे जाने तक विमान तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट पर मौजूद था। जानकारी के मुताबिक इस फाइटर जेट ने एक एयरक्राफ्ट करियर से उड़ान भरी थी। इसके बाद इसने शनिवार रात नौ बजकर 30 मिनट पर एयरपोर्ट पर सुरक्षित ढंग से लैंड किया। सूत्रों के मुताबिक फाइटर जेट की सुरक्षित और आसान लैंडिंग के लिए एयरपोर्ट अधिकारियों ने वहां पर इमरजेंसी घोषित कर दी थी। सूत्र के मुताबिक फाइटर जेट के पायलट ने उड़ान के दौरान महसूस किया कि ईंधन कम हो रहा है। इसलिए उसने इमरजेंसी लैंडिंग की परमिशन मांगी थी। सबकुछ बेहद तेजी के साथ और प्रोफेशनल अंदाज में अंजाम दिया गया। फिलहाल यह एयरक्राफ्ट हवाई अड्डे पर ही खड़ा है। सूत्रों ने बताया कि केंद्र सरकार के संबंधित अधिकारियों की मंजूरी के बाद ही इस फाइटर जेट में तेल भरा जाएगा। एक बार सारी प्रक्रिया पूरी होने के बाद यह विमान अपने गंतव्य के लिए रवाना होगा। गौरतलब है कि एयर इंडिया के विमान हादसे के बाद भारत में खासी चिंता है।

## ओडिशा के सुंदरगढ़ में भीषण आईईडी विस्फोट, एक अधिकारी शहीद

**रांची, 15 जून।** ओडिशा-झारखंड सीमा पर नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे एक अभियान के दौरान शनिवार सुबह भीषण आईईडी विस्फोट हुआ. इसमें सीआरपीएफ के एक अधिकारी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. मृतक अधिकारी की पहचान उत्तर प्रदेश के कुशीनगर निवासी 34 वर्षीय एएसआई सत्यभान कुमार सिंह के रूप में हुई है. वो सीआरपीएफ की 134वीं बटालियन में तैनात थे. जानकारी के मुताबिक, माओवादियों द्वारा लूटे गए विस्फोटकों को बरामद करने के लिए सारंडा जंगल में नक्सलियों के खिलाफ अभियान चला रहा था. एएसआई सत्यभान इसी संयुक्त तलाशी दल का हिस्सा थे. यह घटना सुंदरगढ़ जिले के के बलांग गांव के पास सुबह करीब छह बजे हुई. सीआरपीएफ और ओडिशा पुलिस के एसओजी की संयुक्त टीम 5 टन विस्फोटकों की तलाश में जुटी थी. इन विस्फोटकों को 27 मई को सुंदरगढ़ के बांको में एक पत्थर की खदान से माओवादियों द्वारा लूटा गया था.

## राहुल गांधी को पाकिस्तान और चीन पर भरोसा है: गिरिराज सिंह

**नई दिल्ली, 15 जून।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने रविवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। राहुल गांधी ने महाकुंभ में हुई भगदड़ के दौरान हुई मौतों की कथित गलत रिपोर्टिंग को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार की आलोचना की थी। सिंह ने गांधी पर बार-बार विदेशी स्त्रोतों और बयानों पर भरोसा करने का आरोप लगाया, जो उनके अनुसार भारत की छवि को कमजोर करते हैं। गिरिराज सिंह ने राहुल गांधी की हालिया सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, "राहुल गांधी चीनी दूतावास, पाकिस्तानी दूतावास और बीबीसी की रिपोर्ट पर भरोसा करते हैं, लेकिन उन्हें अपने देश पर भरोसा नहीं है। यह राहुल गांधी की विश्वसनीयता का सही प्रतिबिंब है।" भाजपा नेता ने कहा कि चाहे ऑपरेशन सिंदूर हो या बीबीसी की कोई भी रिपोर्ट, वह हमेशा भारत के खिलाफ बोलते हैं। ऐसा लगता है जैसे उन्होंने देश के खिलाफ ही बोलने की कसम खा ली है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब राहुल गांधी ने बुधवार को बीबीसी की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि महाकुंभ के दौरान भगदड़ में मरने वालों की वास्तविक संख्या उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा छिपाई गई थी। एक्स पर एक पोस्ट में गांधी ने लिखा, "बीबीसी की रिपोर्ट से पता चलता है कि कुंभ मेले में भगदड़ में हुई मौतों के आंकड़े छिपाए गए थे। कोविड की तरह, गरीबों के शवों को आंकड़ों से मिटा दिया गया। हर बड़ी रेल दुर्घटना के बाद की तरह, सच्चाई को दबा दिया जाता है।" सत्तारूढ़ भाजपा की आलोचना करते हुए उन्होंने आगे कहा, "यह भाजपा मॉडल है – अगर गरीबों की गिनती नहीं होगी, तो जवाबदेही भी नहीं होगी!" राहुल गांधी की टिप्पणियों पर भाजपा नेताओं की तीखी प्रतिक्रिया हुई, जिसमें कई लोगों ने उन पर संवेदनशील मामलों का राजनीतिकरण करने और घरेलू संस्थानों की बजाय विदेशी मीडिया पर भरोसा करने का आरोप लगाया।



## नाइजीरिया में 100 लोगों को जिंदा जलाया

**अबुजा, 15 जून।** नाइजीरिया के मध्य बेन्यू राज्य के येलेवाटा गांव में बंदूकधारियों द्वारा किए गए क्रूर हमले में कम से कम 100 लोगों की जान चली गई है। शुक्रवार रात को हुए इस हमले से कई लोग लापता हैं, दर्जनों लोग घायल हुए हैं तथा परिवार सदमे में हैं। एमनेस्टी इंटरनेशनल के मुताबिक 100 से ज़्यादा लोगों की भयावह हत्या से पता चलता है कि सरकार द्वारा राज्य में लागू किए जाने का दावा किए जाने वाले सुरक्षा उपाय काम नहीं कर रहे हैं। एमनेस्टी इंटरनेशनल बेन्यू राज्य में हमलों में खतरनाक वृद्धि का दस्तावेजीकरण कर रहा है, जहां बंदूकधारी पूरी तरह से बेखौफ होकर हत्याओं की होड़ में लगे हुए हैं। इन हमलों के कारण बड़े पैमाने पर विस्थापन हो रहा है और खाद्य सुरक्षा प्रभावित हो सकती है क्योंकि पीड़ितों में से ज़्यादातर किसान हैं।



एक नजर

## मोबाइल लुटेरे गिरफ्तार



**भिलाई, 15 जून।** भिलाई राहगीरों से मोबाइल लूटपाट करने वाले एक गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है आरोपियों ने भिलाई नगरए नेवईए छावनीए जामुल और भिलाई -3 थाना क्षेत्रों में 6 मोबाइल लूट की वारदातों को अंजाम दिया है पुरानी भिलाई टीआई अंबर सिंह भारद्वाज ने बताया कि ग्राम बगली बेमेतरा निवासी विवेक कुमार मारकंडे ने 7 जून को रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह शाम करीब 6ण्30 बजे ट्रांसपोर्ट नगर रेलवे लाइन के पास सामान खरीदने जा रहा था। उसी समय पीछे से बाइक सवार तीन युवक उसके नजदीक पहुंचे। आते ही तीनों ने गाली.गलौच कर हुए उसके साथ मारपीट की। इस पर भिलाई. 3 थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी। आरोपियों की तलाश के दौरान पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि कुछ संदिग्ध युवक मोटर साइकिल में ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज की ओर घूम घूम कर लूट का मोबाइल बेचने के लिए लोगों से संपर्क कर रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने चार संदिग्धों को पकड़ लियाए जिसमें नाबालिग शामिल थे। पूछताछ में आरोपियों ने राहगीरों को डरा धमकाकर मोबाइल लूटना स्वीकार किया। उनके कब्जे से विभिन्न कंपनियों के 80 हजार रुपए कीमत के 6 मोबाइल मिले। इस पर आरोपी लेबर कैंपए जामुल निवासी टिकेश्वर साहू 20 वर्ष और चंदन पाराए जामुल निवासी अनिल दुर्गा को गिरफ्तार कर लिया है ।

## मोबाइल दुकान में चोरी

**भिलाई, 15 जून।** भिलाई अमलेश्वर थाना अतंर्गत अज्ञात ने मोबाइल दुकान से दो आईफोन समेत 10 मोबाइल चुरा ले गए रिपोर्ट पर पुलिस ने 305(ए), 331(4) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है अमलेश्वर पुलिस ने बताया कि मामले में चंगोरा भाठा निवासी प्रार्थी सुनील टेंभरे (31 साल ) ने रिपोर्ट दर्ज करायाकि उसकी अमलेश्वर खुडमुडा मोड पर मोबाइल दुकान है रात करीब 9.30 बजे अपनी दुकान में ताला लगाकर अपने घर चंगोरा भाठा चला गया अगले दिन सुबह करीब 6 बजे दुर्गेश चक्रधारी उसे कॉल करके बताया कि उसकी दुकान का ताला टुटा है इस पर तुरंत अपनी दुकान पहुंचा और देखा कि दुकान का ताला टुटा हुआ था अंदर जाकर देखा तो समान बिखरा हुआ था समान का मिलान करने पर दो एप्पल के आई फोन 11 प्रो और आईफोन 11 समेत आठ अलग-अलग कंपनियों के मोबाइल गायब मिले।

## जल संवर्धन के लिएजनपद अंबागढ़ चौकी में बनाई गई नई कार्ययोजना

**मोहला 15 जून ।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती भारती चंद्राकर के निर्देशन में जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी में जल संचयन एवं संवर्धन से संबंधित कार्यों की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। इस कार्ययोजना के अंतर्गत विकासखंड स्तर पर कंटूर ट्रेंच, तालाब गहरीकरण, तालाब निर्माण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, गली प्लग, सैंड फिल्टर, रिचार्ज पिट, मिनी परकोलेशन टैंक जैसे संरचनाओं का निर्माण प्रस्तावित है, जिसका उद्देश्य जल संरक्षण को सशक्त करना एवं भूजल स्तर में सुधार लाना है। इसके साथ ही आवास योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर आवास सेना के गठन की योजना बनाई गई है,

जिसमें 8 सदस्य शामिल होंगे। यह आवास सेना हितग्राहियों को मिस्त्री और निर्माण सामग्री उपलब्ध कराने, सोखता निर्माण, एसएचजी संसाधनों के उपयोग, और राशि के सही उपयोग हेतु मार्गदर्शन देने का कार्य करेगी। इस पहल से आवास निर्माण की प्रक्रिया में तेजी आएगी और गुणवत्ता भी सुनिश्चित की जा सकेगी।

# श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल के समर कैंप में बच्चों ने बहुत कुछ सीखा, मनोरंजन भी किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**कवर्धा, 15 जून।** गर्मी की छुट्टियों के दौरान बच्चों के लिए एक रोमांचक और ज्ञानवर्धक अनुभव प्रदान के लिए श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल, द्वारा तीन दिवसीय ''समर कैम्प'' का आयोजन किया गया। यह कैम्प दिनांक 12/06/25 से 14/06/25 तक आयोजित किया गया। कैम्प का शुभारंभ स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती एम. शारदा और डायरेक्टर श्री आदित्य चन्द्रवंशी जी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि समर कैम्प बच्चों के सर्वांगिंण विकास के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम है जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है।

इस कैम्प में बच्चों ने विभिन्न मज़ेदार और शैक्षणिक गतिविधियों में हिस्सा लिया और जैसे - कला और शिल्प, संगीत और नृत्य, खेल-कूद, योग और ध्यान, फ्लेमलेस कुकिंग (आग रहत पाक कला), विभिन्न प्रकार के केश सज्जा, नेल आर्ट, लूडो, चेस, स्पूकी शो, पूलपार्टी रेनडांस, साथ ही नन्हें बच्चों के लिए (ले विथ फोम, मिकी माउस, ट्रैम्पोलिन, हेलीकॉप्टर, कार राइडिंग जैसी मनोरंजक गतिविधियाँ शामिल थी। बच्चों के लिए यह एक यादगार अनुभव साबित हुआ।इस समर कैम्प का मुख्य उद्देश्य एक स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। हम मानते हैं कि समर कैम्प बच्चों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण मंच है। अंतिम दिन समर कैम्प का समापन समारोह आयोजित किया गया जिसमें प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये और विशेष सम्मानित किया गया।समर कैम्प के आयोजन के संबंध में डायरेक्टर डॉ. आदित्य चन्द्रवंशी जी ने कहा कि हमारा उद्येश्य बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ सभी गतिविधियों के लिए मंत्र प्रदान करना है, जिसके लिए इस शानदार समर कैम्प का आयोजन हमने अपने विद्यालय में सभी विद्यालयों के बच्चों के लिए किया, जिसके सफल आयोजन में पूरे विद्यालय परिवार ने अपनी सहभागिता दर्ज करायी।

# निर्माण कार्य एवं सफाई व्यवस्था का आयुक्त ने किया औचक निरीक्षण



**भिलाई, 15 जून।** आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने नेहरू नगर पूर्व स्थित एस एल आर एम सेंटर की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। वे सुबह 8 बजे अचानक सेंटर पर पहुंचे और उपस्थिति पंजी एवं अन्य दस्तावेजों का परीक्षण किये। उन्होंने सफाई व्यवस्था में सुधार और अनुपस्थित कर्मचारियों की कटौती के लिए आवश्यक निर्देश दिए। वहां 2.91 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन सी एंड डी वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट कार्य का निरीक्षण किए। समयावधि के अनुपातिक कार्य की धीमी गति के लिए एजेंसी को नोटिस देने का निर्देश कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा को दिए। स्लॉटर हाउस के समीप निर्माणाधीन बैडमिंटन कोर्ट को अतिशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश उपस्थित अभियंताओं को दिए। मधु कामिनी उद्यान के निरीक्षण के दौरान पुराने एवं जर्जर यूकेलिप्टस पेड़ों की कटाई के संबंध में वन विभाग को पत्राचार करने का निर्देश उद्यान अधिकारी को दिए जिससे निगम की राजस्व में भी वृद्धि होगी। संजय नगर तालाब उद्यान का निरीक्षण के दौरान वहां अधूरे पाथवे एवं अन्य कार्यों के संबंध में जोन आयुक्त को निर्देशित किये। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उप अभियंता श्वेता वर्मा, एजेंसी प्रतिनिधि एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने वाला गिरफ्तार

**कवर्धा,15 जून।** कबीरधाम पुलिस ने विवाह का झांसा देकर एक युवती का यौन शोषण करने वाले आरोपी सूरज ठाकुर (उम्र 28 साल, साकिन ठाकुर पारा कवर्धा, थाना कवर्धा, जिला कबीरधाम) को विधिपूर्वक गिरफ्तार किया है आरोपी के विरुद्ध महिला थाना कबीरधाम में अपराध क्रमांक 33/2025 (धारा 69 बीएनएस, 376, 376(2)(एन), 313 भादवि) दर्ज कर जांच की जा रही है। आरोपी ने युवती के साथ अलग-अलग स्थान पर, विवाह का विश्वास दिलाकर शोषण किया । साथ ही उसने एक अन्य लड़की से सगाई भी किया, पर यह जानकारी छिपाकर पीड़िता का शोषण किया । पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया, घटना स्थल का निरीक्षण किया, साथ ही पीड़िता व आरोपी का शरीरिक परीक्षण भी किया । आरोप सही पाए जाने पर पुलिस ने सूरज ठाकुर को गिरफ्तार किया । पुलिस ने माननीय न्यायालय से आरोपी का न्यायिक रिमाण्ड तक प्रदान किए जाने का आवेदन किया है




# बीएसपी को मिला ग्लोबल ग्रीनटेक पर्यावरण एवं सस्टेनेबिलिटी पुरस्कार

**भिलाई, 15 जून।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र को पर्यावरण संरक्षण एवं स्थिरता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रयासों के लिए 13 जून को नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय पर्यावरण एवं सस्टेनेबिलिटी सम्मेलन के दौरान प्रतिष्ठित 24वां ग्लोबल ग्रीनटेक एनवायरनमेंट एवं सस्टेनेबिलिटी पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक राजीव पांडे, महाप्रबंधक संजय कुमार ने पुरस्कार ग्रहण किया। इसके उपरांत यह पुरस्कार निदेशक तथा निदेशक प्रभारी मनीष राज गुप्ता को सौंपा गया। गुप्ता ने पुरस्कार को संयंत्र की सस्टेनेबल इस्पात उत्पादन की दिशा में निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया। सम्मेलन में लैंगिक समानता, सतत जल प्रबंधन, पर्यावरणीय स्थिरता और सतत शहर एवं समुदाय जैसे विषयों पर तकनीकी सत्रों और पैनल चर्चाओं का आयोजन किया गया।



# राजस्व विभाग ने कैंप लगाकर समस्याओं का किया समाधान

**भिलाई, 15 जून।** अग्रसेन भवन सेक्टर-6 में आयोजित शिविर में राशन कार्ड बनाने, नाम जोड़ने व काटने हेतु आयुक्त के निर्देशानुसार जोन क्रमांक 5 के राजस्व विभाग का कैंप लगाया गया था । जिसमें नाम जोड़ने व काटने, पता संशोधन व नवीन राशन कार्ड बनाने हेतु नाम जोड़ने एवं काटने हेतु 09 आवेदन और एपीएल राशन कार्ड बनाने हेतु 02 आवेदन कुल 11 आवेदन प्राप्त हुए। आयुष्मान कार्ड हेतु 56 आवेदन प्राप्त हुए तथा 58 आधार कार्ड बनाये गये। इस अवसर पर शिविर मे जोन क्रमांक 5 के सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम, प्रह्लाद लहरे, गणित बघेल, दुर्योधन साहू, टेकराम हरिन्द्रवार, सागर दुबे, संदीप सर्राफ आदि उपस्थित रहे।

## सात दिवसीय योग महोत्सव का शुभारंभ

**रायपुर, 15 जून ।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में आज से सात दिवसीय योग महोत्सव का शुभारम्भ छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूप नारायण सिन्हा, पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सच्चिदानन्द शुक्ला, ब्रह्माकुमारी सविता दीदी, नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो के अधीक्षक अनिल कुमार, भारतीय योग संस्थान के अध्यक्ष मुकेश सोनी और ब्रह्माकुमारी चन्द्रकला दीदी ने दीप प्रज्वलित करके किया।इस अवसर पर बोलते हुए छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूप नारायण सिन्हा ने कहा कि योग जीवन जीने की कला है। मन को शान्त रखने का सर्वश्रेष्ठ उपाय है योग। उन्होंने योग के विषय -एक धरती और एक स्वास्थ्य के लिए योग की चर्चा करते हुए कहा कि सूर्य न हों, पेड़ न हों तो हमारा जीवन भी नहीं रहेगा। हमारी भारतीय संस्कृति श्रेष्ठ और गौरवमयी है। यह सबको जोडने वाली है। छिनने वाली नहीं बल्कि बाँटकर खाने वाली संस्कृति है। पूरे विश्व में सिर्फ हमने अपने देश को माता माना है। माँदेने वाली होती है। सभी सुखी हों और सबका मंगल हो यही हमारी संस्कृति है। हम पूरे विश्व को अपना परिवार मानकर चलते हैं।



## बिना हेलमेट वाहन चला रहे थे,53 पर कार्रवाई

**भिलाई, 15 जून।** भिलाई यातायात पुलिस ने दुर्ग-भिलाई के विशेष जगह पर प्वाइंट लगाकर पुलिस विभाग के महिला अधिकारी और कर्मचारियों ने ऐसे महिला वाहन चालक जो दो पहिया वाहन चलाते समय बिना हेलमेट व स्कार्फ बांधकर हैं और वाहन चलाते, तीन सवारी पर सख्त कार्रवाई की इस कार्रवाई में बिना हेलमेट 53 एवं 36 दो पहिया में तीन सवारी कुल 89 वाहन चालकों पर कार्रवाई की है

# स्वावलंबी भारत अभियान में वार्ड-29 की सैकड़ों महिलाओं ने उत्साह से भाग लिया



**भिलाई, 15 जून।** वृंदा नगर वार्ड-29 में स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण विषय पर आधारित प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में वार्ड की लगभग 300 से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की, जो यह दर्शाता है कि आज महिलाएं आत्मनिर्भरता की दिशा में जागरूक होकर सजगता से आगे बढ़ रही हैं। महिलाओं को घरेलू उद्योग, स्वरोजगार, प्रशिक्षण, और सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि जब एक महिला आत्मनिर्भर बनती है, तो उसका पूरा परिवार और समाज मजबूत होता है। इस आयोजन की सफलता में नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, ज़ोन 2 की आयुक्त ऐशा लहरे, जिला उद्योग अधिकारी एस के प्रजापति, चैंबर ऑफ कॉमर्स के वरिष्ठ पदाधिकारी अजय भसीन और स्वावलंबी भारत अभियान के प्रांत सह समन्वयक संजय चौबे का विशेष योगदान रहा। इन सभी ने उपस्थित महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन दिया और स्वदेशी तथा स्वावलंबन के संकल्प को दोहराया। प्रांत सह समन्वयक संजय चौबे ने अपने उद्बोधन में कहा, यदि हमें भारत को आत्मनिर्भर बनाना है, तो उसकी नींव महिलाओं की आत्मनिर्भरता पर ही टिकेगी। हमें गांव-शहर की हर महिला को हुनरमंद, आत्मविश्वासी और आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाना होगा। आज सरकार हर कदम पर मदद को तैयार है, जरूरत है केवल हिम्मत और पहल करने की। कार्यक्रम के दौरान जोन आयुक्त ऐशा लहरे को प्रेरणादायक पुस्तक स्वावलंबन की ओर बढ़ता भारत भेंट की गई, जिसमें ग्रामीण एवं शहरी महिलाओं के लिए रोजगारोन्मुख योजनाओं का उल्लेख है। साथ ही उपस्थित समस्त बहनों और माताओं को स्वदेशी बनाम विदेशी उत्पादों की सूची' वितरित की गई ताकि दैनिक जीवन में स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बल मिल सके और लोकल व्यापार को समर्थन मिले। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि कौशल विकास ही आत्मनिर्भरता का आधार है। यदि हर महिला सिलाई, कढ़ाई, ब्यूटी पार्लर, खाना बनाना, डिजिटल काम या किसी भी लघु हुनर में पारंगत हो जाए, तो वह आत्मनिर्भर बनने के साथ-साथ दूसरों को भी रोजगार दे सकती है। महिलाओं को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, स्टार्टअप इंडिया, मुद्रा लोन योजना आदि के बारे में बताया गया और इनका लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया।

# ईडब्ल्यूएस की जमीन से अवैध निर्माण को निगम ने हटाया



भिलाई, 15 जून। राधिका नगर वार्ड क्र.-7 मैत्री विहार कॉलोनी स्थित नजूल एवं ईडब्ल्यूएस की जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों पर जोन-1 के प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला की उपस्थिति में कार्रवाई की गयी। कब्जेधारियों पर प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला ने टीम के साथ बनाए गए बाउंड्री वॉल को जेसीबी से गिरा दिया है। इस दौरान कोई भी मालिकाना हक जताने नहीं आया। ईडब्ल्यूएस एवं नजूल की जमीन पर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग का अप्रूवल है। इस जमीन पर लगातार कई वर्षों से भू-माफिया जमीन दलाल, कब्जा करने के लिए प्रयासरत हैं। उपरोक्त जमीन को एक वर्ष पहले अवैध कब्जा धारियों से नगर निगम भिलाई ने शिकायत के आधार पर तत्काल कब्जा मुक्त किया था। ज्ञात हो कि पुनः उपरोक्त जमीन पर कब्जा किया जा रहा था। जिसे तत्काल रोक लगाने एवं बेदखली करने की मांग स्थानीय पार्षद आदित्य सिंह एवं युवा शक्ति संगठन के अध्यक्ष मदन सेन द्वारा की गई थी। निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय द्वारा संज्ञान लेते हुए त्वरित ईडब्ल्यूएस की जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया है। ईडब्ल्यूएस की जमीन दीक्षित कॉलोनी की गांधीनगर में था, जहां पर अवैध कब्जाधारियों द्वारा कब्जा कर लिया गया था। उसी के बगल में प्रधानमंत्री कौशल प्रशिक्षण केंद्र का कॉलेज संचालित हो रहा है। पूर्व में वहां वृक्षारोपण किया गया था। कुछ कब्जाधारियों द्वारा वहां पर दूसरे क्षेत्र के खसरे नंबर को वहां दर्शा करके कब्जा कर रहे थे जिसे राजस्व के पटवारी द्वारा सीमांकन किया गया। इससे सिद्ध हो गया कि यह ईडब्ल्यूएस की जमीन है जहां पर नगर निगम भिलाई जहां ईडब्ल्यूएस बनाने का मकान प्रस्तावित है।

# हाथी ने किसान का घर तोड़ा गांव में दहशत का माहौल



**बलरामपुर,15 जून।** वाड्रफनगर वन क्षेत्र के कैलाशपुर गांव में फिर से हाथी का आतंक देखने को मिला है. रविवार तड़के सुबह एक हाथी आबादी वाले क्षेत्र के करीब पहुंच गया और किसानों के घर को नुकसान पहुंचाया. इसकी सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने मौके पर जाकर नुकसान का आंकलन शुरू कर दिया है. इलाके में हाथी की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है.जानकारी के मुताबिक, लगभग रविवार सुबह 3 से 4 बजे के बीच हाथी ने कैलाशपुर गांव में तांडव मचाया है. किसान का घर में जमकर तोड़फोड़ की है. दहशत से लोग घर में छिपे हुए हैं. सूचना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची है. नुकसान का आंकलन जारी है बताया जा रहा है कि हाथी अभी भी कैलाशपुर के जंगल में मौजूद है, जिसे भगाने में कोशिश की जा रही है. लगातार हो रही हाथी की आमद से ग्रामीण भयभीत है. ऐसे में लोगों ने वन विभाग से की सुरक्षा की मांग की है. फिलहाल विभाग स्थिति पर नजर बनाए हुआ है. लोगों को जंगल की ओर जाने से मना किया गया है।

## ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत विशेष स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित

**मोहला 15 जून ।** जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत आज ग्राम मोहला स्थित ऐतिहासिक एवं आस्था के केंद्र माँ छुरिया देवी मंदिर प्रांगण में विशेष स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह एवं कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने स्वयं भाग लेकर मंदिर परिसर के विभिन्न हिस्सों में श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम में जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी, स्वसहायता समूह की स्वच्छता दीदियां तथा स्थानीय ग्रामीणों ने मिलकर सामूहिक श्रमदान किया। सभी ने मंदिर प्रांगण के कोने-कोने को स्वच्छ किया और स्वच्छता के महत्व को समझाते हुए जागरूकता का संदेश दिया।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर बीएसपी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने किया विशेष कार्यक्रम का आयोजन



**भिलाई, 15 जून।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के अंतर्गत संचालित जेएलएन चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र के ब्लड सेंटर द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य पर दो दिवसीय विशेष कार्यक्रम का आयोजन कार्यपालक निदेशक डॉ. रवीन्द्रनाथ एम. के मार्गदर्शन में तथा संबंधित मुख्य चिकित्सा अधिकारियों के सक्रिय सहयोग से सम्पन्न हुआ। उद्घाटन कुलपति (आयुष विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़) डॉ. पी. के. पात्रा ने किया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक डॉ. रवीन्द्रनाथ एम., मुख्य चिकित्सा अधिकारीगण डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर, डॉ. विनीता द्विवेदी, डॉ. उदय कुमार, एवं डॉ. सौरव मुखर्जी तथा महाप्रबंधक एस.एम. शाहिद अहमद भी मंच पर उपस्थित रहे। समापन सत्र की अध्यक्षता कार्यपालक निदेशक ए.के. चक्रवर्ती ने की। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ. पी. के. पात्रा ने भिलाई इस्पात संयंत्र के चिकित्सा विभाग द्वारा इस महत्वपूर्ण दिवस पर उठाए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि किसी भी पहल की सफलता तभी स्थायी होती है जब वह योजनाकार की उपस्थिति से परे जाकर भी आगे बढ़ती रहे। समापन समारोह को संबोधित करते हुए कार्यपालक निदेशक ए.के. चक्रवर्ती ने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदाताओं का योगदान मौन होते हुए भी अत्यंत प्रभावशाली होता है। उन्होंने रक्तदान को न केवल सुरक्षित और लाभकारी बताया, बल्कि यह भी कहा कि यह मानवता की भावना को सशक्त करता है। सीएमई सत्रों में वरिष्ठ कंसल्टेंट डॉ. दीपक दाशमोहपात्रा के संयोजन में तकनीकी प्रस्तुतियाँ आयोजित की गईं, जिनमें वरिष्ठ फैकल्टी (एम्स, गुवाहाटी) डॉ. गोपाल कृष्ण रे ने रक्त घटक चयन में ए बी ओ विसंगतियों के समाधान पर चर्चा की। वरिष्ठ चिकित्सक (बाल्को मेडिकल सेंटर, रायपुर) डॉ. नीलेश जैन ने रोगी रक्त प्रबंधन को एक मानक प्रथा के रूप में रेखांकित किया, वहीं वरिष्ठ फैकल्टी (एम्स, रायपुर) डॉ. रमेश चंद्राकर ने स्वैच्छिक रक्तदाता चयन के नवीनतम दिशानिर्देशों पर प्रकाश डालते हुए उपयुक्त दाता के चयन की आवश्यकता को रेखांकित किया। इस कार्यक्रम में एसीएमओ (पैथोलॉजी) डॉ. मनीषा कांगो, एसीएमओ (एम एंड एचएस एवं प्रभारी, ब्लड सेंटर) डॉ. निली एस. कुजूर, कंसल्टेंट (पैथोलॉजी) डॉ. राजू भैसारे, डीसीएमओ (पैथोलॉजी) डॉ. गुरमीत सिंह, वरिष्ठ कंसल्टेंट (पैथोलॉजी) डॉ. प्रिया साहू तथा कंसल्टेंट (पैथोलॉजी) डॉ. प्रतीक शिवप्पा सहित आयोजन समिति के प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे। उनके साथ अन्य चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ, डीएनबी चिकित्सक और रक्तदाता भी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर थैलेसीमिया से जूझ रही सुश्री स्नेहा नायक, जो बचपन से जेएलएन चिकित्सालय के ब्लड सेंटर से नियमित रूप से रक्त प्राप्त करती रही हैं, को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दीपक दाशमोहपात्रा तथा सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. निली एस. कुजुर ने आभार प्रदर्शन किया।

## प्रदेश की उन्नति में निकाय कर्मियों की अहम भूमिका: रिकेश

**दुर्ग,15 जून।** भारतीय स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ का दो दिवसीय राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक अधिवेशन के शुभारंभ अवसर पर वैशालीनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रिकेश सेन ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ एक विचारधारा है इसके कार्यकर्ता जमिनी स्तर पर कार्य करने वाले होते है.दुर्ग निगम महापौर अल्का बाधमार ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भारतीय मजदूर संघ की एकता सराहनी है. प्रदेश के निकायो में स्वायत्तशासी अपने अधिकारी एवं कर्मचारियों के हितो की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहता है. छत्तीसगढ़ में प्ररूर मात्र में खनीज सम्पदा है.प्रदेश की उन्नति और प्रगति में निकाय के कर्मचारी अपनी अहम भूमिका निभा रहे है जिसके लिए में मजदूर संघ को बधाई देती हूं. दुर्ग के स्वामी विवेकानंद सभागार पदमनाभपुर में आयोजित किया गया है दो दिवसीय त्रैवार्षिक अधिवेशन में देश एवं प्रदेश के नगरीय निकायो में कार्यरत स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य एकत्र हुए है।अधिवेशन का शुभारंभ विधायक रिकेश सेन, महापौर दुर्ग अल्का बाधमार,भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एम. पी. सिंह, सुखविन्दर सिंह डिक्की, स्वायत्तशासी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश मण्डली, महामंत्री सुरेश तिवारी, प्रदेश महामंत्री शरद दुबे, भारतीय मजदूर संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री नारायण तिवारी, जिलाध्यक्ष मिथलेश विश्वकर्मा,जिला मंत्री हरिशंकर चतुर्वेदी,विष्णु चन्द्राकर, अमरनाथ दुबे अनिल सिह विश्वकर्मा भारत माता तथा दंतोपंथ ठेंगडे जी तैल्य चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्जवति कर किया।

# रेत और गिट्टी से भरे आठ वाहन किए गए जब्त

## कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व एवं खनिज विभाग ने की संयुक्त कार्रवाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 15 जून।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार जिले में अवैध रेत परिवहन एवं उत्खनन पर राजस्व एवं खनिज विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई की गई। देर रात आकस्मिक निरीक्षण कर रेत एवं गिट्टी से भरे 8 वाहन के जप्ती की कार्रवाई की गई। जिसमें से 5 वाहन में रेत एवं 3 में गिट्टी थी। जिले में रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर आगे भी निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी। भर्रेगांव से रेती से भरे 4 वाहन हाईवा सीजी-08 एएन-3492, सीजी 08 एएल- 3164, सीजी-08 एएम-4503, सीजी-07 सीआर-1931 की जप्ती की कार्रवाई की गई। इसी तरह सीजी-08 एवाई 9034 में रेत तथा सीजी-08 बीड़ी 8700, सीजी-08 एजी 6811, सीजी-08 बीएल 5015 में गिट्टी का अवैध परिवहन किया जा रहा था। एसडीएम खेमलाल वर्मा एवं खनिज अधिकारी प्रवीण चंद्राकर की टीम ने यह कार्रवाई की। इसी तरह डोंगरगढ़ विकासखंड में भी अवैध रेत परिवहन करते हुए 2 हाईवा जप्त किया गया है। एसडीएम डोंगरगढ़ मनोज मरकाम, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम द्वारा भी अनुविभागों में रेत के अवैध परिवहन एवं उत्खनन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

# कच्चा लोहा ले जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा, बाल-बाल बचा चालक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 15 जून।** आलापल्ली (महाराष्ट्र) से रायपुर की ओर कच्चा लोहा लेकर जा रहा एक भारी वाहन आज डोंगरगांव के पास राजनांदगांव रोड पर स्थित तिगाला पेट्रोल पंप के समीप अनियंत्रित होकर पलट गया। वाहन क्रमांक सी 10 बीडी 1045 डिवाइडर से टकराकर सड़क पर पलट गया।



इस दुर्घटना में गनीमत रही कि किसी प्रकार की जान-माल की हानि नहीं हुई। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार, ट्रक की रफ्तार ज्यादा नहीं थी, जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई।दुर्घटना के पश्चात जब चालक से बातचीत की गई, तो उसने बताया कि यात्रा के दौरान उसे झपकी लग गई थी, जिसके कारण वाहन से नियंत्रण हट गया और वह सीधे डिवाइडर से टकराकर पलट गया। प्रशासन ने समय पर मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लिया और ट्रैफिक को भी सुचारू रूप से चालू कराया। हादसे के बाद ट्रक में लदा कच्चा लोहा सड़क पर फैल गया, जिसे हटाने का कार्य जारी हैं।

## एक नजर

### कलेक्टर के निर्देश पर दुगली सिंगपुर मेघा मार्ग की मरम्मत शुरू



**नगरी, 15 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विगत दिनों मगरलोड क्षेत्र के दौरा में पहुंचे जिला कलेक्टर अविनाश मिश्रा ने भ्रमण के दौरान देखा कि सिंगपुर दुगली के मध्य मार्ग अति जर्जर स्थिति में है और सड़क में बड़े बड़े गड्ढे होने के कारण आवागमन में हो रही लोगों की परेशानी को देखते हुए, उन्होंने तत्काल गड्ढे भरने हेतू लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया, इसके परिपालन में पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा तत्परता दिखाते हुए निर्माण विभाग ने तत्काल डब्लू.एम.एम.पैच कार्य शुरू किया है जिससे आस पास के ग्रामवासियों को सिंगपुर दुगली मार्ग के मरम्मत से काफ़ी राहत मिलेगा, साथ ही विभाग ने मार्ग के जो 24.20 किलो मीटर का भाग चौड़ीकरण नहीं हो पाया है उस भाग का मजबूतीकरण एवं डामर नवनीकरण कार्य प्राकलन 603.0 लाख का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया है।

### प्रधानमंत्री से पार्षद तक कोई देश बेच रहा है तो कोई रेत : नीरज कन्नौजे

**राजनांदगांव, 15 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शहर कांग्रेस दक्षिण ब्लॉक के महामंत्री नीरज कन्नौजे प्रेस को जारी अपने एक बयान में कहा है कि राज्य में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय नीत भाजपा सरकार और केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीत राजक सरकार सिर्फ़और सिर्फव्यापार चला रही है। उनके इस तरह व्यापारी बनने से व्यापारियों को सड़क पर आकर भीख मांगने की नौबत आ गई है। उन्होंने कहा कि सरकार हर योजना में जनहित नहीं देखते हुए अपना हित देख रही है। और वही प्रधानमंत्री से पार्षद तक कोई देश बेच रहा है तो कोई रेत बेंच रही है। दिल्ली से छत्तीसगढ़ राज्य संचालित हो रहा है और वही मोहड़ वार्ड क्रमांक 49 में अवैध रेत खनन में सोमनी के तिवारी परिवार का हाथ है जिसको लेकर अभी चर्चा सरगर्म और पूर्व मुख्यमंत्री विधायक वर्तमान छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह और पूर्व सांसद अभिषेक सिंह का इन्हें समर्थन है।

### रेत के अवैध कारोबार में गोलीकांड भाजपा के सुशासन की हकीकत : चुम्मन

**छुरिया, 15 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** संस्कारधानी राजनांदगांव में रेत माफ़िया द्वारा की गई गोलीकांड विष्णु के सुशासन की वास्तविक हकीकत



है। जिला महामंत्री चुम्मन साहू ने कहा कि भाजपाई सत्ताधीशों के संरक्षण में पूरे प्रदेश में रेत माफ़िया आतंक का खूनी खेल खेल रहा है। भाजपा के मंत्री, विधायक, नेता, रेत के अवैध कारोबार के भागीदार बने हुये है। अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित कर सत्तारूढ़ दल के नेता रेत माफ़िया की दादागिरी को प्रश्रय देते है। रेत घाटो के क्षेत्र के ग्रामीण और पंचायत कर्मचारी खनिज कर्मचारी बेबश और लाचार बन गये है।
जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू ने कहा है कि भाजपा की सरकार बनने के बाद से जंगल राज आ गया है। पूरे प्रदेश में अवैध रेत खनन का काम जोरों से चल रहा है, रेत माफ़िया लगातार मनमानी कर रहे हैं।रेत तस्करों का मनोबल इतना बड़ा हुआ है कि अब विरोध करने वाले पत्रकार विपक्ष के नेता पर भी हमला कर रहे हैं खुलेआम फ़ायरिंग कर रहे हैं।

### मेडिकल छात्रा ने की आत्महत्या पढ़ाई से थी तनावग्रस्त

**कोरबा, 15 जून।** जिले में 22 वर्षीय एक मेडिकल छात्रा, छाया गौतम, ने अपने घर में फ़ांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। छाया रायपुर के एक मेडिकल कॉलेज में पढ़ रही थी और पिछले लगभग 15 दिनों से मानसिक तनाव से जूझ रही थी। यह दुखद घटना कुसमुंडा थाना क्षेत्र में हुई, जिससे पूरा परिवार गहरे सदमे में है। जानकारी के अनुसार, छाया हाल ही में रायपुर से कोरबा लौटी थी। उसने अपने पिता, एसईसीएल कर्मी शशि भूषण गौतम, को बताया था कि उसे पढ़ाई के दौरान कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। पिता ने उसका कोरबा के एक निजी अस्पताल में इलाज भी शुरू करवाया था। शुक्रवार सुबह जब घर में कोई नहीं था, जिसमें उसकी मां भी शामिल थीं जो बाहर गई हुई थीं, छाया ने अपने कला मंदिर क्षेत्र के एम-55 माइनस क्वार्टर में फ़ांसी लगाकर अपनी जान दे दी। छाया के पिता ने बताया कि उनकी बेटी बचपन से ही पढ़ाई में बहुत होशियार थी और डॉक्टर बनना उसका सपना था। कुसमुंडा थाना प्रभारी राकेश गुप्ता ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनों के बयान दर्ज कर लिए हैं। मामले की गहन जांच के लिए रायपुर मेडिकल कॉलेज और छाया की सहेलियों से पूछताछ की जाएगी। इसके अलावा, उसके मोबाइल की कॉल डिटेल भी खंगाली जा रही है।

### मुख्यमंत्री भव्य निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में हुए शामिल, सिंधी समाज की सेवाभावना को सराहा

# संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और समय-समय पर जांच ही रोगों से बचाव का मूल मंत्र : विष्णु देव साय

**रायपुर, 15 जून।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि अच्छा स्वास्थ्य ही जीवन की सबसे बड़ी संपदा है। यदि हम संतुलित आहार लें, नियमित रूप से व्यायाम करें और समय-समय पर स्वास्थ्य की जांच कराएं, तो अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। मुख्यमंत्री आज राजधानी रायपुर के केनाल रोड स्थित झूलेलाल धाम में आयोजित भव्य निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर को संबोधित कर रहे थे।

पूज्य बाबा गुरुदास राम साहेब की 94वीं जयंती के अवसर पर इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन पूज्य शदाणी सेवा मंडल, पूज्य बाबा गरीबदास सेवा मंडल, पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत, भारतीय सिंधु सभा तथा पूज्य कंधकोट पंचायत द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने स्वास्थ्य जांच कराई और आयुष्मान कार्ड भी बनवाए। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आज की अनियमित जीवनशैली, मिलावटी खानपान और प्रदूषित वातावरण के कारण बीपी और डायबिटीज जैसी बीमारियाँ अब आम हो चुकी हैं। यहां तक कि ग्रामीण क्षेत्रों के मेहनतकश लोग भी अब इन बीमारियों से अछूते नहीं हैं। ऐसे में इस तरह के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन अत्यंत सराहनीय पहल है।



मुख्यमंत्री साय ने सिंधी समाज की सेवा भावना की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह समाज प्रारंभ से ही सामाजिक सरोकारों में अग्रणी रहा है। उन्होंने स्मरण करते हुए कहा कि जब वे रायगढ़ से सांसद थे, तब से वे सिंधी समाज के विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होते रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य अपने रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर चुका है और इस अवधि में स्वास्थ्य सहित सभी क्षेत्रों में चौतरफा विकास हुआ है। स्वास्थ्य सुविधाओं के लिहाज से छत्तीसगढ़ आज मेडिकल हब के रूप में उभर रहा है। राज्य निर्माण के समय जहाँ केवल एक मेडिकल कॉलेज था, वहीं अब शासकीय एवं निजी क्षेत्र मिलाकर 15 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं। निजी क्षेत्र में सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों की स्थापना भी हुई है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला अस्पतालों की चिकित्सा व्यवस्थाएं सुदृढ़ हुई हैं। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर भी प्रारंभ किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को बेहतर इलाज की सुविधा देने हेतु केंद्र और राज्य सरकार द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा शुरू की गई आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीबों को 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही, 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों को वय वंदन योजना के अंतर्गत इलाज हेतु 5 लाख रुपये तक की सहायता दी जा रही है। इसी प्रकार, राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना के अंतर्गत गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए 25 से 30 लाख रुपये तक की सहायता प्रदान की जाती है। मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से भी पात्र मरीजों को आर्थिक सहायता दी जाती है। मुख्यमंत्री ने अंत में स्वास्थ्य शिविर के संयोजक अमित चिमनानी एवं शिविर में सेवा प्रदान करने वाले डॉक्टरों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर विधायक गुरु खुशवंत साहेब, धमतरी महापौर रामू रोहरा, छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा, कार्यक्रम संयोजक अमित चिमनानी, भारतीय सिंधु सभा के अध्यक्ष लधाराम जी, छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के अध्यक्ष महेश दरयानी सहित सिंधी समाज के सेवादार, विशेषज्ञ डॉक्टर एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

### डोंगरगाँव नगर पंचायत की कार्रवाई

# 48 दुकानदारों को अनुबंध के लिए अंतिम नोटिस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगाँव, 15 जून।** नगर पंचायत डोंगरगाँव ने शासन की स्वीकृति अनुसार दुकानों का आबंटन तो कर दिया, लेकिन कई व्यवसायी अब तक लीज अनुबंध कराने में लापरवाही बरत रहे हैं। ऐसे 48 दुकानदारों को नगर पंचायत द्वारा अंतिम चेतावनी दी गई है कि यदि वे तय समय-सीमा में आवश्यक दस्तावेज एवं स्टाम्प शुल्क जमा नहीं करते हैं, तो उनकी दुकानें निरस्त कर दी जाएंगी।

■ नहीं करने पर निरस्तीकरण की चेतावनी

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शासन से स्वीकृति प्राप्त होने के बाद नगर पंचायत द्वारा दुकानों का आबंटन किया गया था, जिसमें सभी संबंधित व्यवसायियों को अनुबंध संपादन के लिए स्टाम्प ड्यूटी (लेख 35 ङ्क लीज एक वर्ष से अधिक के लिए) तथा अन्य जरूरी दस्तावेज कार्यालय में जमा कराने के निर्देश दिए गए थे। बावजूद इसके, अधिकांश दुकानदारों ने इस प्रक्रिया में कोई रूचि नहीं दिखाई।नगर पंचायत ने स्पष्ट किया है कि अनुबंध संपादन की अंतिम तिथि 30 जून 2025 निर्धारित की गई है। इस तिथि तक संबंधित व्यवसायियों को स्टाम्प ड्यूटी सहित सभी दस्तावेज नगर पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत करने होंगे, ताकि अनुबंध तैयार कर उसे पंजीकृत किया जा सके। अनुबंध में नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) प्रथम पक्षकार होंगे। नगर पंचायत का कहना है कि यह अंतिम नोटिस है, इसके बाद किसी भी प्रकार की रियायत नहीं दी जाएगी और संबंधित दुकानों का आवंटन रद्द करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इस सख्ती से उन व्यवसायियों में हड़कंप मच गया है, जो अब तक अनुबंध प्रक्रिया को नजरअंदाज कर रहे थे।नगर पंचायत की इस कार्रवाई को नगर में व्यवसायिक अनुशासन स्थापित करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

# गोलीकांड का आरोपी गिरफ्तार

## मोहड़ नदी पर रैम्प निर्माण कर अवैध रेत उत्खनन मामले में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 15 जून।** मोहड़ नदी में अवैध तरीके से रेत निकालने के लिए रैम्प निर्माण के लिए जेसीबी चालक पहुँचा था। जिसे रोकने लिए कुछ ग्रामीण घटना स्थल पर पहुचे जहां कार में 7-8 लोग उतर कर ग्रामीणो से मारपीट करते हुए फायरिंग की थी। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर मे अपराध क्रमांक 257/2025 अपराध धारा 109(2), 191(2), 191(3), 190, 296, 115(2), 351(2) बीएनएस 25, 27 आर्मस एक्ट एवं मायनिंग एक्ट की धारा 21 कायम कर विवेचना मे लिया गया है। विवेचना के दौरान



पूर्व में आरोपी जेसीबी चालक भगवति निषाद पिता परदेशी निषाद (49) ग्राम झोला थाना अंडा जिला दुर्ग व संजय रजक पिता शंकर लाल रजक (48) मोहड़ जिला राजनांदगांव को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया था। 14 जून को घटना में शामिल अभिनव तिवारी पिता केशर तिवारी (42) ग्राम सोमनी थाना सोमनी जिला राजनांदगांव को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। जो बताया कि अवैध तरीके से रेत उत्खनन से संबंधित जानकारी होना व जे0सी0बी0 और हाईवा वाहन का मालिक होना बताया। जिसे आज दिनांक को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहॉ से जेल वारंट प्राप्त होने उपरान्त आरोपी को जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया। मामले से संबंधित अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु अलग-अलग टीम गठित कर सरगर्मी से पता तलाश किया जा रहा है।

# रक्तदाता दिवस पर यूनुस को कलेक्टर ने किया सम्मानित

**छुरिया, 15 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विश्व रक्तदाता दिवस पर मेडिकल कॉलेज पेंड्री के आडिटोरियम में रक्तदान शिविर एवं रक्तदाता संस्थाओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें रक्तदान के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाली रक्तदाता संस्था का सम्मान किया इस अवसर पर यूनुस ब्लड डोनेशन ग्रुप को भी लोगो की जीवन बचाने और जरूरतमंद मरीज



को रक्त उपलब्ध करवाने में रक्तदान शिविर कर लोगो को जागरूक करने में भूमिका निभाने पर मुख्य अतिथि जिलाधीश एस. एन. भूरे के कर कमलों से यूनुस अजनबी को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर विशेष अतिथि डॉ.हरजीत भाटिया, गुरुमुख दास वाधवा, मेडिकल कालेज के डीन डॉ. पंकज मधुकर लुका, डॉ.अतुल मनोहर राव, डॉ. प्रतिमा कुजूर, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. सीएस सिसोदिया, डॉ रिंकू सिंह एवं मेडिकल कॉलेज विभाग के लैब टेक्नीशियन उपस्थित हुए।

# भाजपा के इशारे पर चल रही हैं केन्द्रीय एजेंसियां : कांग्रेस

## कांग्रेस ने मानव मंदिर चौक पर किया भाजपा व ईडी का पुतला दहन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 15 जून।** केन्द्र की मोदी सरकार व प्रदेश की भाजपा सरकार राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से से काम करते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जिला मुख्यालय, सुकमा स्थित राजीव भवन को अटैच किये जाने के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर शहर जिला व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी द्वारा 14 जून को मानव मंदिर चौक पर भाजपा व ईडी का पुतला दहन किया गया।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भारतीय जनता पार्टी का अनुसांगिक संगठन की भांति कार्य करते हुए केन्द्र की मोदी सरकार व प्रदेश की भाजपा सरकार की कठपुतली बनकर रही गई है। उनके इशारे पर ही सुकमा के राजीव भवन को अटैच किया गया है। जिसको लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में



शनिवार 14 जून को जयस्तंभ चौक कांग्रेस भवन से रैली निकालकर मानव मंदिर चौक पर भाजपा व ईडी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि कांग्रेस को बदनाम करने की नियत से प्रदेश की भाजपा सरकार के इशारे पर सुकमा के राजीव भवन में छापेमार कार्यवाही कर परेशान किया जा रहा है। जिसका कांग्रेस पार्टी निंदा करती है। भाजपा सरकार राजनीति दुर्भावनावश यह कार्य किया जा रहा है। कांग्रेस इससे डरने वाले नहीं है और न्याय की लड़ाई के लिए हर संघर्ष स्वीकार करती है। केन्द्र की तानाशाह मोदी व प्रदेश की भाजपा सरकार जानबूझकर कांग्रेस नेताओं पर दबाव बनाने उन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसका हम कांग्रेसजन कड़ा विरोध करते है। पुतला दहन में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल, रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, पदम कोठारी, कमलजीत सिंह पिन्टू, शारदा तिवारी, प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे, पीसीसी महासचिव थानेश्वर पाटिला, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, महामंत्री झम्मन देवांगन, नरेश शर्मा आदि मौजूद थे।

### प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह ने फीता काटकर किया साहू भवन लोकार्पित

# समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने के लिए सजग रहने की जरूरत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया, 15 जून।** छुरिया तहसील साहू संघ छुरिया के नवनिर्मित साहू सदन का लोकार्पण व सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहलसिंह साहू ने फीता काटकर साहू भवन का लोकार्पण किया। तत्पश्चात भक्त माता कर्मा के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलितकर पूजा अर्चना कर सामाजिक बंधुओ ने आरती किया।

प्रदेश अध्यक्ष टहल साहू ने तहसील साहू संघ अध्यक्ष भुनेश्वर प्रसाद साहू को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया। तहसील अध्यक्ष भुवनेश्वर साहू ने



बताया कि यह भवन 19 लाख 60 हजार और

छुरिया तहसील के प्रत्येक परिवार से 200 रु की आर्थिक सहयोग से नवनिर्मित हुआ है। इसके अलावा विशेष दानदाता अध्यक्ष भुवनेश्वर साहू बोर खनन एवं पंप सेट, गुहा राम साहू आटरा 11111रुपए, कुमार साहू पांडेटोला 11101 रुपए, राजेश ज्वेलर्स गैदाटोला, 5100 रूपये, विष्णु साहू ठेकेदार गैदाटोला 5001, तहसीलदार छुरिया विजय साहू 5001रुपए का विशेष योगदान रहा। अध्यक्ष भुनेश्वर प्रसाद साहू ने आगे बताया कि तहसील साहू संघ का गठन 1995 में अविभाजित राजनांदगांव से पृथक होकर अस्तित्व में आया लेकिन 30 वर्षो तक समाज का कोई भवन नहीं था तहसील साहू संघ छुरिया के भुवनेश्वर प्रसाद साहू अध्यक्ष के अथक व परिश्रम रंग लाया और तत्कालीन पूर्व मुख्य मंत्री भूपेश बघेल के दौरान 19 लाख 60 हजार की प्रशासनिक स्वीकृति व राजगामी संपदा न्यास से 10 डिसमिल जमीन आवंटन के बाद साहू समाज के प्रत्येक सदस्यों की आर्थिक सहयोग पश्चात साहू सदन का निर्माण संभव हो पाया है। साहू भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में कमल किशोर साहू पूर्व अध्यक्ष जिला साहू संघ ने समाज मे व्याप्त बुराइयों की निराकरण हेतु ग्रामीण साहू समाज को ज्यादा सजग होकर कार्य करने की नसीहत दी। वही विशेष अतिथि के रूप में पूर्व विधायक छन्नी साहू ने समाज की एकजुटता से भवन की भव्यता पर सामाजिक जनों की जमकर तारीफकी।

### शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दें शिक्षक : कलेक्टर

**राजनांदगांव, 15 जून।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर राजनांदगांव में आगामी शैक्षणिक सत्र के दृष्टिगत सभी स्कूलों के प्राचार्यों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि जिले में शिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यान देते हुए विशेष तौर पर कार्य करने की आवश्यकता है। बच्चों के परीक्षा परिणामों को बेहतर बनाने के लिए शैक्षणिक अध्ययन के लिए जो मापदण्ड उपलब्ध हैं, उसके आधार पर कार्य करते हुए आगे बढ़े। शिक्षा के क्षेत्र में सबसे ज्यादा नवाचार किए गए है। जिले में भी बहुत से नवाचार किए गए है। उन्होंने कहा कि सभी प्रचार्य कैप्टन है और सभी शिक्षक खिलाड़ी की तरह है। सभी मिलकर टीम भावना के साथ सभी कार्य करेंगे, तो इसके बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए अपनी टीम, विशेषज्ञों एवं फाउंडेशन का सहयोग लेते हुए अपना सर्वेश्रेष्ठ दें। उन्होंने कहा कि बच्चों के परीक्षा परिणामों को बेहतर बनाने के लिए रणनीति बनाएं एवं उसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कार्य करें। बच्चों के पढ़ाई के स्तर का आंकलन करें तथा उसके अनुसार तैयारी कराएं। उन्होंने कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं में अध्ययनरत बच्चों पर विशेष ध्यान दें।

# अभिनेत्रियों ने बताया अपना मानसून फैशन मंत्रा !



मानसून का मौसम अपने साथ लाता है ठंडी फुहारों की ठंडक, मिट्टी की सौंधी खुशबू और फैशन में थोड़ी सी चुनौती। ऐसे मौसम में स्टाइल और कंफर्ट का तालमेल ज़रूरी हो जाता है। एण्डटीवी की लोकप्रिय अभिनेत्रियां बता रही हैं कि कैसे वे मानसून के मौसम में भी स्टाइलिश बनी रहती हैं- कंफर्ट, कलर और समझदारी भरे फैशन के साथ। चाहे वॉटर-फ्रेंडली फुटवियर की बात हो या मॉइश्चर-प्रूफ ऐक्सेसरीज़ की, ये मानसून फैशन को मज़ेदार और स्टाइलिश बना देती हैं! इन कलाकारों में शामिल हैं- सोनल पंवार ('हप्पू की उलटन पलटन' की मलाइका) और शुभांगी अत्रे ('भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी)। 'हप्पू की उलटन पलटन' में मलाइका का किरदार अदा कर रहीं सोनल पंवार ने कहा, ''मेरे लिये मानसून फैशन का मतलब है स्मार्ट और स्टाइलिश दोनों होना। मैं आमतौर पर एंकल-लेंथ ड्रेसेज़ या घुटनों तक की कुर्तियां पहनना पसंद करती हूं, ताकि बाहर निकलते समय कपड़े कीचड़ से बच सकें। इस मौसम में मलमल और रेयॉन जैसे फैब्रिक बेहतरीन रहते हैं क्योंकि ये जल्दी सूखते हैं और शरीर से चिपकते नहीं।

मैं नेवी ब्लू, एमराल्ड ग्रीन और मैरून जैसे डार्क कलर्स पसंद करती हूं क्योंकि ये बारिश के मौसम में ज्यादा उपयुक्त होते हैं और इन पर पानी के दाग भी नहीं दिखते। डेनिम तो मैं पूरी तरह से अवॉइड करती हूं और उसकी जगह ढीली पैंट्स या लेगिंग्स पहनती हूं। फुटवियर की बात करें तो मुझे स्टाइलिश रबर सैंडल या क्रॉक्स बहुत पसंद हैं, क्योंकि ये फैशनेबल भी होते हैं और आरामदायक भी। एक रंग-बिरंगी प्रिंट वाली छोटी छतरी और वॉटरप्रूफ स्लिंग बैग मेरे मानसून लुक को पूरा करते हैं।'' 'भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी उर्फ़ शुभांगी अत्रे ने अपने मानसून स्टाइल टिप्स शेयर करते हुए बताया, ''मानसून अपने साथ एक अलग-सी रूमानी खूबसूरती लेकर आता है, लेकिन इस मौसम में फैशन को लेकर थोड़ा सतर्क रहना ज़रूरी है। मुझे जॉर्जेट या सिंथेटिक ब्लेंड की हल्की साड़ियां पहनना बहुत पसंद है। ये बारिश में जल्दी खराब नहीं होतीं और पहनने पर ग्रेसफुल भी लगती हैं। ब्लाउज़ के लिए मैं एल्बो-लेंथ या स्लीवलेस स्टाइल को प्राथमिकता देती हूं, जो जल्दी सूखने वाले फैब्रिक से बने हों। जब साड़ी नहीं पहनती, तो मैं ए-लाइन कुर्ती और प्रिंटेड पलाज़ो का कॉम्बिनेशन चुनती हूं। कोरल, मस्टर्ड और टर्काइज़ जैसे ब्राइट कलर मानसून के मौसम में मूड को तुरंत फ्रेश कर देते हैं। ऐक्सेसरीज़ की बात करें तो मैं सिंपल चीज़ें रखती हूं जैसे प्लास्टिक या रेज़िन की चूड़ियां, वॉटरप्रूफ बैग और क्यूट रेन-फ्रेंडली जेली शूज़। एक फ्लोरल-सेंटेड बॉडी मिस्ट और माइक्रोफाइबर टॉवल भी इस सीज़न में मेरी ज़रूरत की चीज़ें हैं। मेरे लिए मानसून में स्टाइलिश रहने का मतलब है- तैयारी के साथ थोड़ी मस्ती भी।''

# अमिताभ बच्चन के बारे में बोलीं मुमताज






बॉलीवुड एक्ट्रेस मुमताज ने पिछले कुछ समय में अपने कई इंटरव्यूज में इंडस्ट्री और एक्टर्स के बारे में बात की। राजेश खन्ना के साथ फिल्म हो या शर्मिला टैगोर से तुलना, एक्ट्रेस ने शम्मी कपूर के साथ अपने रिश्ते की बात भी स्वीकार की। अब मुमताज के इंटरव्यू का एक नया हिस्सा सामने आया है जिसमें वो अमिताभ बच्चन के बारे में बात करती दिख रही हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि अमिताभ इतने रईस परिवार से आते थे कि उन्हें एक्टर बनने की जरूरत नहीं थी। रेडियो नशा ने मुमताज के इंटरव्यू का एक नया पार्ट रिलीज किया है। एक्ट्रेस अमिताभ बच्चन के बारे में बात करते दिख रही हैं। मुमताज कहती हैं, "देखिए, मुझे चौथी कक्षा में ही स्कूल छोड़ना पड़ा और मैंने फिल्मों में बतौर एक्स्ट्रा काम करना शुरू कर दिया। मैं 7 साल की थी और हमें एक रोल के लिए 500 रुपये मिलते थे, जिसमें से 100 रुपये मुझे उस व्यक्ति को देने होते थे जिसने हमें काम दिलवाया था और बाकी पैसे मैं अपनी मां को देती थी। दूसरी तरफ, अमिताभ जी एक पढ़े-लिखे और उच्च कोटि के व्यक्ति थे। उनके पिता एक जानी-मानी हस्ती थे और उनके पास एक बंगला और एक अच्छी जिंदगी थी, इसलिए मुझे समझ में नहीं आता कि उन्हें एक्टर बनने की क्या जरूरत थी।'' मुमताज और अमिताभ लगभग एक ही समय पर फिल्मों में एक्टिव थे। दोनों ही अपने जमाने के टॉप एक्टर हुआ करते थे। लेकिन इसके बावजूद दोनों ने सिर्फ एक ही फिल्म में काम किया। 1973 में आई फिल्म 'बंधे हाथ' में इस जोड़ी को देखा गया था। ये फिल्म OP गोयल ने डायरेक्ट की थी जिसने बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाई नहीं की थी।

# कलाकारों ने फादर्स डे पर साझा किए पितृत्व के अनुभव

कलाकारों ने फादर्स डे पर साझा किए पितृत्व के अनुभव

फादर्स डे के खास मौके पर सोनी सब के कलाकारों ने पिता होने के अपने व्यक्तिगत अनुभव और विचार साझा किए — एक ऐसा किरदार जो जितना चुनौतीपूर्ण है, उतना ही सुखद भी। जयेश मोरे, सुमीत राघवन, आरव चौधरी और जयेश भरभाया ने एक पिता होने की खुशियों, जिम्मेदारियों और उन्हें मिले सबक पर खुलकर बात की। उन्होंने अपने बच्चों के साथ साझा किए गए खास रिश्तों, उनके गुणों में मूल्यों को शामिल करने पर बात की और बताया कि पितृत्व ने उनकी सोच को स्क्रीन और वास्तविक जीवन दोनों में कैसे बदला है।



**'वागले की दुनिया** – नई पीढ़ी, नए किस्से' में राजेश वागले की भूमिका निभा रहे सुमित राघवन ने कहा, "अगर मैं काम पर नहीं होता, तो आमतौर पर फादर्स डे अपने बच्चों के साथ घर पर बिताता हूं। मैं मानता हूं कि मैं एक व्यावहारिक पिता हूं — ऑनस्क्रीन भी और ऑफ स्क्रीन भी। असल जिंदगी में मैं अपने पिता से बेहद जुड़ा हूं; मेरे लिए वे मेरे सुपरहीरो हैं। मैं जानता हूं कि मैं ऐसा कहने वाला पहला बच्चा नहीं हूं, लेकिन उन्होंने मेरी शख्सियत को आकार दिया है। मैं अपने प्रशंसकों से कहना चाहूंगा कि अपने माता-पिता का सम्मान करें — वे हमारे गुरु हैं और उन्हें हमेशा प्यार और देखभाल का एहसास कराते रहें।"

**'वीर हनुमान' में केसरी की भूमिका निभा रहे आरव चौधरी ने कहा,** "मेरे लिए पितृत्व सबसे सशक्त और विनम्र बनाने वाला किरदार है। यह केवल सुरक्षा और पालन-पोषण तक सीमित नहीं है — यह ईमानदारी, धैर्य और करुणा के साथ जीवन को आकार देना है। मुझे लगता है कि एक पिता का अर्थ है खुद मिसाल बनना, अपने कर्मों से साहस सिखाना और यह बताना कि असली ताकत अक्सर नम्रता और चुपचाप सहने की क्षमता में होती है। जो विरासत हम अपने मूल्यों और फैसलों के ज़रिए बच्चों को देते हैं, वही सबसे महत्वपूर्ण होती है। और भगवान हनुमान के पिता केसरी का किरदार निभाना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है।"

**'पुष्पा इम्पॉसिबल' में बापोदरा भाई की भूमिका निभा रहे जयेश भरभाया ने कहा,** "बापोदराभाई के रूप में मैं भले ही ज़ोर से बोलने वाला या ज़िद्दी नजर आऊं, लेकिन जब बात मेरी बेटी प्रार्थना की आती है, तो एक नरमी हमेशा झलकती है। ऑनस्क्रीन हमारे बीच का रिश्ता प्यार, देखभाल और अनकही समझ से भरा हुआ है — और यह रिश्ता पर्दे के पीछे भी उतना ही खास है। शूटिंग के दौरान हमारे बीच एक सच्ची आत्मीयता है और वह वाकई मुझे असल जिंदगी में भी बेटी जैसी लगती है। इस फादर्स डे पर मैं आभारी हूं कि मुझे एक ऐसे पिता की भूमिका निभाने का मौका मिला, जो भावनाओं से भरी, गहराई वाली यात्रा पर है — और जो मुझे स्क्रीन के अंदर और बाहर दोनों जगह उस रिश्ते को जीने का मौका देता है।"

**'पुष्पा इम्पॉसिबल' में दिलीप पटेल का किरदार निभा रहे जयेश मोरे ने कहा,** "शो में मेरा किरदार दिलीप शुरुआत में एक आदर्श पिता नहीं था, लेकिन जब उसे अपने बच्चों — अश्विन, चिराग और दीप्ति — के लिए उपस्थित रहने का महत्व समझ में आया, तो उसने पीछे मुड़कर नहीं देखा। भले ही उसने ग्रे शेड्स के साथ शुरुआत की हो, लेकिन आज वह अपने परिवार के लिए एक मजबूत सहारा बन चुका है। इस फादर्स डे पर मुझे उसकी पूरी यात्रा याद आ रही है। पर्दे के पीछे भी मेरा पूरी कास्ट के साथ खूबसूरत रिश्ता है। देशना, जो मेरी सबसे छोटी बेटी की भूमिका निभा रही है, मेरे बेहद करीब है — यहां तक कि वह परीक्षा के वक्त मुझसे पढ़ाई की सलाह भी लेती है। वाकई, सेट पर मुझे एक दूसरा परिवार मिल गया है।"





# किआरा अडवानी को राम चरण की पत्नी ने भेजा खट्टे आम का अचार

बॉलीवुड एक्ट्रेस किआरा अडवानी जल्द मां बनने वाली हैं। एक्ट्रेस किसी भी समय अपने पहले बच्चे को जन्म दे सकती हैं, ऐसे में उन्हें फैंस के साथ सेलिब्रिटी से बधाइयां और प्यार मिल रहा है। साउथ सुपरस्टार रामचरण और उनकी पत्नी ने तो मां बनने वाली किआरा के लिए खट्टे आम का घर का बना हुआ अचार भेज दिया। किआरा ने उपासना के इस प्यार के लिए उनका शुक्रिया अदा किया है। अब किआरा अपनी पसंद के खाने के साथ स्वादिष्ट आम के अचार को भी खाने में शामिल कर सकती हैं।किआरा अडवानी ने अपने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में अचार का बॉक्स देखा जा सकता है। किआरा ने स्टार कपल का शुक्रिया करते हुए लिखा, 'शुक्रिया मेरे प्यारों उपासना और राम चरण।'

**दोस्ती का रिश्ता**-बता दें, किआरा अडवानी ने फिल्म गेम चेंजर में राम चरण के साथ काम किया था। इसी फिल्म की शूटिंग के दौरान किआरा और राम चरण की पत्नी की दोस्ती हुई। अब पत्नी ने एक खास जगह से हाथ के बने हुए अचार को एक्ट्रेस को गिफ्ट किया है। इससे साबित होता है कि राम चरण और उनकी पत्नी का किआरा के साथ खास रिश्ता है।

**वॉर 2 में धमाका**-वर्क फ्रंट की बात करें तो किआरा अडवानी जल्द ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की फिल्म वॉर 2 में नजर आने वाली हैं। एक्ट्रेस ने अपनी प्रेग्नेंसी से पहले ही फिल्म की शूटिंग कर ली थी। अब उनकी डिलीवरी के बाद फिल्म थिएटर में रिलीज होगी। इस फिल्म को अयान मुखर्जी ने डायरेक्ट किया है और यशराज प्रोडक्शन के प्रोड्यूसर हैं। हाल में फिल्म का टीजर सामने आया था.

# एक्ट्रेस पर धर्म बदलने का दबाव बना रहा था मुस्लिम पति

टीवी एक्ट्रेस प्रीति तलरेजा की कहानी बता रहे हैं, जिन्होंने कुछ साल पहले सबके रोंगटे खड़े कर दिए थे। प्रीति तलरेजा ने पति पर धर्म छुपाकर शादी करने और जबरन धर्म परिवर्तन करने का दबाव डालने के साथ-साथ मानसिक और शारीरिक शोषण के आरोप लगाए थे। और तो और प्रीति ने यह भी आरोप लगाया था कि पति उन्हें बुरी तरह पीटता था, और मार-मारकर अधमरा कर दिया था। तब प्रीति को मदद के लिए सोशल मीडिया पर PMO और मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे तक से गुहार लगानी पड़ी थी। इसे लेकर उन्होंने सोशल मीडिया पर ट्वीट्स किए थे, जो अब तक वायरल हैं। टीवी शो 'कृष्णा दासी' में नजर आईं प्रीति तलरेजा ने शादी के बाद पति से जुड़े कई राज खोले थे, जिन्होंने हैरान कर दिया था। खुद प्रीति को वो राज शादी के बाद पता चले थे। प्रीति तलरेजा ने अभिजीत पेटकर से शादी की थी। यह लव मैरिज थी। प्रीति ने पति के खिलाफ 2021 में पुलिस में एफआईआर दर्ज करवाई थी, जिसमें कहा था कि उनका पति असल में मुस्लिम है। पर उसने उनसे हिंदू बनकर प्यार किया था। तब प्रीति ने पति के खिलाफ खड़कपाड़ा कल्याण पुलिस ने शिकायत दर्ज की थी, जिसकी कॉपी भी ट्विटर पर शेयर की गई थी। प्रीति ने आरोप लगाया था कि पति ने उनसे अपनी असली पहचान छुपाई और जब शादी की बारी आई, तो मस्जिद में



निकाह पढ़ा। प्रीति ने बताया था कि मुस्लिम लॉ के तहत उन्हें मस्जिद से सर्टिफिकेट मिलना था, लेकिन वो नहीं मिला। इसके बाद अभिजीत, प्रीति पर धर्म बदलने का दबाव डालने लगा और उनके साथ जबरदस्ती करता, खूब मारता-पीटता। प्रीति ने तब अपनी चोटें सोशल मीडिया पर दिखाई थीं। शादी से पहले प्रीति और अभिजीत पेटकर तीन साल तक रिलेशनशिप में रहे थे। प्रीति तलरेजा ने ट्विटर पर लिखा था, 'वो कहता है कि वो मुस्लिम है, लेकिन धर्म परिवर्तन का कोई सबूत या कागजात नहीं। अपना नाम अभिजीत पेटकर लिखता है। वह प्यार के नाम पर मुझे तीन साल से बेवकूफ बनाता आ रहा है।' ट्वीट में उन्होंने पीएमओ और ठाणे पुलिस को टैग करते हुए पूछा था क्या अच्छे भविष्य के लिए किसी पर विश्वास करना और प्यार करना गलती है?'प्रीति ने पति के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज करवाई करवाते हुए कहा था कि वह हिंदू बनकर उनसे प्यार किया था। प्रीति ने कहा था कि पति का नाम हिंदू है, पर वह असल में मुस्लिम है। प्रीति तलरेजा अब कहां और किस हाल में हैं, इसकी कोई जानकारी नहीं है। जानकारी के मुताबिक, वह अब किसी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी नहीं हैं। साल 2021 तक इंस्टाग्राम पर उनका iampreityy के नाम से अकाउंट था, पर अब वह भी नहीं है।

# हर कोमल स्पर्श का उत्सव

फादर्स डे के अवसर पर एक दिल को छू लेने वाली डिजिटल फिल्म (डीवीसी) लॉन्च की है। लोकप्रिय कन्नड़ गीत "आई लव यू अप्पा" से प्रेरित, #GentleAsDad शीर्षक वाला यह अभियान एक पिता और उसकी बेटी के बीच भावनात्मक बंधन को खूबसूरती से दर्शाता है, जब वह एक नवजात से एक युवा महिला बनती है। क्षेत्रीय दर्शकों से गहराई से जुड़ने के लिए, इस प्रिय गीत का अनुवाद छह भाषाओं - हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम, मराठी और बंगाली में किया गया है, जिससे क्षेत्रीय गूंज और गहरा भावनात्मक जुड़ाव सुनिश्चित हुआ है। जिससे क्षेत्रीय प्रतिध्वनि और भावनात्मक जुड़ाव सुनिश्चित किया जा सके। फिल्म की शुरुआत एक सशक्त दृश्य से होती है- एक पिता, जो अब 60 वर्ष का हो चुका है, को आईने के सामने तैयार होते हुए दिखाया गया है और शादी के कपड़े पहने एक छोटी लड़की




"अप्पा" कहकर बुलाती है और एक फोटो एलबम थमाती है। जैसे-जैसे एलबम के पृष्ठ पलटते हैं, दर्शकों को पिता की नजरों से उन रोज़मर्रा के कोमल पलों की यात्रा पर ले जाया जाता है—जैसे बेबी मसाज ऑयल, बेबी साबुन और लोशन का उपयोग करते हुए खेलते-खेलते देखभाल करना- हर दृश्य यह दर्शाता है कि पिता भले ही शांत रहते हैं, लेकिन उनकी स्नेहिल उपस्थिति बेटी के जीवन में निरंतर रहती है। भावनात्मक गीत "आई लव यू अप्पा" से इन स्मृतियों को और अधिक सजीव बनाता है, और पिता को केवल एक संरक्षक नहीं बल्कि एक सौम्य, स्थिर और प्रेरणादायी उपस्थिति के रूप में स्थापित करता है जो एक बच्चे के हर पल को आकार देती है। इस कहानी के केंद्र में हिमालया बेबीकेयर की विज्ञान-समर्थित रेंज है - बेबी मसाज ऑयल, बेबी सोप और बेबी लोशन, जो पिता और बच्चे के बीच साझा अनुभवों के हिस्से के रूप में सहजता से प्रस्तुत होते हैं। अपने विश्वास और विज्ञान-समर्थित हर्बल देखभाल के लिए प्रसिद्ध ये उत्पाद पोषण की इस यात्रा में भरोसेमंद साथी बन जाते हैं, तथा स्नेह, विकास और मार्गदर्शन के हर क्षण में सहायता प्रदान करते हैं।

हिमालया वेलनेस कंपनी के बेबीकेयर डायरेक्टर, श्री चक्रवर्ती एन.वी. ने अभियान पर टिप्पणी करते हुए कहा, "पिता अक्सर बच्चे के जीवन के मूक स्तंभ होते हैं - सौम्य, स्थिर और हमेशा पृष्ठभूमि में मौजूद, जो अपने प्यार और सुरक्षा के माध्यम से अपने बच्चे की दुनिया को आकार देते है। इस अभियान के माध्यम से, हम उस सूक्ष्म शक्ति और स्नेह को सम्मानित करना चाहते हैं जो पितृत्व को परिभाषित करता है। 'आई लव यू अप्पा' गीत गहरी सांस्कृतिक भावना के साथ है और हम इस सार्वभौमिक कहानी के माध्यम से हर पिता का उत्सव मनाना चाहते हैं जो रक्षक, मार्गदर्शक, साथी और पोषक की भूमिका निभाते हैं।"

# अक्षय की फिल्म का जलवा बरकरार, 8 दिन में 100 करोड़ के पार कमाई!

कई बॉलीवुड सितारों से सजी फिल्म 'हाउसफुल-5' ने 6 जून को सिनेमाघरों में दस्तक दी थी. फिल्म में अक्षय कुमार, अभिषेक बच्चन और रितेश देशमुख लीड रोल में नजर आ रहे हैं. आज इस फिल्म को रिलीज हुए 8 दिन हो गए हैं. तो चलिए जानते हैं कि हाउसफुल 5 ने अभी तक कितनी कमाई कर ली है. बता दें कि फिल्म 'हाउसफुल-5' ने 8 दिनों में 133 करोड़ रुपयों की कमाई कर ली है. हालांकि 'हाउसफुल 5' की गिरती कमाई ने मेकर्स की टेंशन को बढ़ा दिया है.



सैकनिल्क के मुताबिक, दूसरे शुक्रवार को फिल्म ने मात्र 6 करोड़ रुपए कमाए हैं. इसके साथ ही फिल्म ने वर्ल्डवाइड 200 करोड़ रुपए का आंकड़ा भी पार कर लिया है. अक्षय कुमार की मर्डर मिस्ट्री कॉमेडी फिल्म हाउसफुल 5 की कमाई में पिछले सोमवार से ही गिरावट देखने को मिल रही है. सैकनिल्क के मुताबिक 8वें दिन इस फिल्म की कमाई में 14.29 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की है. फिल्म ने पहले हफ्ते में ₹127.25 करोड़ की कमाई की है. जबकि दूसरे हफ्ते के पहले दिन फिल्म ने

**एक नजर**

### शराब के नशे में धुत आरक्षक भट्टी के पास नजर आया लड़खड़ाता

**लोरम,15 जून।** तहसील से खाकी वर्दी को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है, जिसमें नशे में बेसुध एक आरक्षक शराब भट्टी के पास लड़खड़ाते नजर आ रहा है. चंद सेकंडों का यह वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

बताया जा रहा है कि नशे में धुत आरक्षक मुंगेली जिले में पदस्थ रोशन कुमार पहाड़ी का है, जो सरकारी काम से लोरमी आया था. इस दौरान शराब भट्टी को देख वह अपने आप को रोक नहीं पाया. शराब पीने के बाद वह भट्टी के पास लड़खड़ाता नजर आ रहा है, जिसे मौके पर मौजूद कुछ लोग सहारा देते नजर आ रहे हैं।इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है. लोगों का कहना है कि आरक्षक की यह हरकत वर्दी को शर्मसार करने वाली है. पुलिस के आला अधिकारियों की जवाबदारी बनती है कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृति न हो इसके लिए जांच कर उचित कार्रवाई की जाए।

### अधेड़ की चाकू मारकर हत्या, इलाके में फैली सनसनी, मौके पर पहुंची पुलिस

**कोरबा,15 जून।** बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र के दो नंबर दफाई इलाके में अधेड़ व्यक्ति की हत्या कर दी गई. खूनी वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई है. सूचना के बाद एफएसएल और डॉग स्क्वायड टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है. मृतक की पहचान 52 वर्षीय तिरिथ राम यादव के रूप में हुई है, जो पेशे से राज मिस्त्री थे.जानकारी के मुताबिक, तिरिथ राम की हत्या देर रात करीब 12 से 1 बजे के बीच घर लौटते समय किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा कर दी गई. खून से लथपथ शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई. घटना स्थल पर बांकी मोंगरा पुलिस पहुंची और जांच शुरू कर दी गई है. मौके से हत्या में उपयुक्त धारदार चाकू भी बरामद किया गया है.

**बेटे पर हत्या का संदेह** –इस हत्या के पीछे पारिवारिक विवाद की आशंका जताई जा रही है. मृतक के बेटे पर संदेह है, क्योंकि अक्सर शराब पीने के बाद दोनों के बीच विवाद होता था. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पुलिस ने 11 जुआरियों को किया गिरफ्तार, करीब 1 लाख नकद समेत 5 वाहन जब्त



**सूरजपुर,15 जून।** जिले में पुलिस ने फिल्मी अंदाज में जुए के फड़ पर छापा मारते हुए 11 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई प्रतापपुर थाना क्षेत्र के नवाडीह यादवपारा में की गई, जहां पुलिस ने ग्रामीणों का भेष धरकर दो अलग-अलग जुआ फड़ों पर अचानक धावा बोला।बता दें कि इस कार्रवाई में पुलिस ने जुआरियों के पास से 96,900 रुपये नकद, एक स्कॉर्पियो, एक बलेनो कार और तीन मोटरसाइकिलें भी जब्त की हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की गई है।यह ऑपरेशन पूरी तरह गुप्त रखा गया था और पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाकर सभी जुआरियों को दबोच लिया। प्रतापपुर पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में जुए के अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर की गई इस छापेमारी को स्थानीय जनता की सराहना भी मिल रही है।

### मोहड़ गोलीकांड में भाजपा की चुप्पी भाजपाइयों के जुड़े होने का संकेत

**राजनांदगांव,15 जून ।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे एवं उत्तर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव शहर के अध्यक्ष आसिफ अली ने नगर निगम क्षेत्र के वार्ड मोहड़ में अवैध रेत खनन के मामले में गोली चलाये जाने की घटना से प्रदेश एवं जिले की जहां कानून व्यवस्था की बदहाली उजागर हुई है वही इस गंभीर मामले में सत्ताधारी दल भाजपा की चुप्पी इस बात को संकेत देती है, कि इस गोरख धंधे में भाजपा के लोग सीधे तौर पर संलिप्त है और भाजपाई साठ-गांठ भी प्रमाणित होने की बात कही है।ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली एवं प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे ने सीधे तौर पर इस मामले में भाजपाईयों की संलिप्तता बताते हुए कहा कि डॉ. रमन सिंह के निर्वाचन मुख्यालय के वार्ड मोहड़ में इस प्रकार की अपराधिक कृत्य करने का साहस बिना सत्ताधारी दल के समर्थन दल के नहीं हो सकता आज इस मामले को 3 दिन होने के बाद भी एक भी भाजपा के नेता या भाजपा के निर्वाचित जनप्रतिनिधि इस मामले पर चुप्पी साधे बैठे है इससे यह भी साबित हो रहा है कि शहर या जिले में कितने भी अपराधिक घटनांए घट जाएं इनको इससे कोई मतलब नही है इसके पूर्व डोंगरगढ़ क्षेत्र में अवैध शराब नकली होलोग्राम के मामले में भी भाजपा के नेताओं ने चुप्पी साध रखी थी। दोनों कांग्रेस नेताओं ने अपराध की धाराओं पर भी प्रश्न चिन्ह लगाते हुए कहा कि माइनिंग एक्ट की धारा लगाने में भी कोताही बरती गई है वही पर्यावरण को भी क्षति पहुंचाने का कृत्य इस घटना में संलिप्तों ने की है साथ ही साथ घटनास्थल पर जो वाहन थे उन वाहनों को तत्काल राजसात की कार्यवाही करते हुए संलिप्तों की संपत्ति को भी अटैच करने की कार्यवाही सरकार को करनी चाहिये ।

# केशकाल बाईपास को केन्द्र सरकार ने दी फोर लेन की मंजूरी, मुख्यमंत्री ने पीएम का जताया आभार

**जगदलपुर, 15 जून।** केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में NH-30 पर 11.380 किलोमीटर लंबाई वाले केशकाल बाईपास को पेव्ड शोल्डर मानक के साथ 4-लेन में अपग्रेड करने के लिए 307.96 करोड़ रुपए की लागत के साथ स्वीकृति दी है। इसको लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय परिवहन एवं सड़क मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताया है. साथ ही वन मंत्री केदार कश्यप ने भी इस स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में देश में सड़क बुनियादी ढांचे को मजबूती मिल रही है। केशकाल की यह चार लेन सड़कें यातायात को सुगम सुव्यवस्थित बनाएंगी और यात्रा के समय को कम करेगी।



## नाबालिग छात्रा ने नवजात को जन्म देकर टॉयलेट सीट में फेंका,पुलिस जांच में जुटी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 15 जून।** जिले से एक बेहद ही चौकाने वाला मामला उजागर हुआ है. जिले के कटेकल्याण अस्पताल में महज 13 साल की एक नाबालिग छात्रा ने उपचार के दौरान अस्पताल के बाथरूम में एक नवजात को जन्म दिया।

जिसके बाद नवजन्मे मासूम को टॉयलेट सीट के अंदर लोकलाज से फेंक दिया. जिसके चलते बच्चे की मौत हो गयी इधर इस मामले में दंतेवाड़ा पुलिस पड़ताल में जुटी है कि आखिर नाबालिग छात्रा जो कक्षा 7 वी में पड़ती है वह प्रग्नेंट कैसे हुई. और मासूम नवजन्मे बच्चे की मौत किस तरह से हुई है। इस मामले में जिला प्रशासन नाबालिग छात्रा ग्रीष्म अवकाश में घर गयी थी कहकर मामले से पल्ला झाड़ने में लगा हुआ है. तो वही दूसरी तरफ आवासीय विद्यालयों में आदिवासी छात्राओं की सुरक्षा को लेकर भी बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं.

नाबालिग छात्रा दंतेवाड़ा के छात्रावास में रहकर कक्षा 7वी की पढ़ाई कर रही थी. गर्मी छुट्टी पर बच्ची अपने घर पहुँचती है. ,जहाँ उसे स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या होती है तो कटेकल्याण सामुदायिक अस्पताल भर्ती करवाया जाता है. जहाँ नाबालिग छात्रा ने अस्पताल के बाथरूम में एक नवजात शिशु को जन्म दिया जिस बच्चे बाथरूम के टॉयलेट सीट के अंदर गिरने से मौत हो गयी। इधर इस मामले में दंतेवाड़ा पुलिस जांच कर रही है और बच्चे के शव का पोस्टमार्टम भी करवा लिया है।

## बुजुर्ग ने मुख्य मार्ग पर स्थित दुकान के शेड में फांसी लगाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भानुप्रतापपुर,15 जून।** छत्तीसगढ़ के भानुप्रतापपुर में एक 60 वर्षीय बुजुर्ग ने फांसी लगाकर खुदखुशी कर ली. इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है. आत्महत्या का कारण अबतक अज्ञात है. सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और मामले की जांच में जुट गई है.जानकारी के मुताबिक, मृतकी की पहचान 60 वर्षीय हरपाल सिंह धुन्ने है. वह भानुप्रतापपुर में गुरुद्वारा के सामने रहता था. हरपाल सिंह धुन्ने सुबह करीब 4:00 बजे घर से बाहर निकला था. इसके बाद उसने मुख्य मार्ग पर स्थित एक दुकान के शेड में फांसी लगा ली।

आज सुबह सैर पर निकले लोगों की नजर जब शव पर पड़ी, तो उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी.फिलहाल इस मामले में पुलिस आत्महत्या के पीछे की वजह जानने के लिए परिजनों और परिचितों से पूछताछ करने में जुटी हुई है।

## वनविभाग तोंगपाल मजदूरी देना भूल गया, आप ने भुगतान के लिए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**सुकमा, 15 जून।** जिले में वनविभाग के अधिकारी कर्मचारी भष्ट्राचार में डूबे हुये है आम आदमी पार्टी इनकी भष्ट्राचार को बर्दाश्त नहीं करेगी सुरेपाल के मजदूरों का मजदूरी भुगतान तीन दिन में करे-सुरेश कवासी जिलाध्यक्ष आम आदमी पार्टी सुकमा वनमंत्री केदार कश्यप के संरक्षण में बस्तर संभाग में केम्पा मद व सीएसआर मद की राशी का जल जंगल जमीन व इक्को डब्लपमेंट के विकास के नाम पर वनविभाग के अधिकारी कर्मचारीयों को भष्ट्राचार करने की खुली छूट दे रखा है या यूं कहें मौन स्वीकृति देकर ये सब बड़े बड़े भष्ट्राचार करवा रहे हैं या सत्ताधारी नेताओं के संरक्षण में लुट सको तो लुट लो की नीति चल पड़ी है - नरेन्द्र नाग अध्यक्ष बस्तर लोकसभा आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़आज आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष सुरेश कवासी ने



प्रेस विज्ञप्ति जारी कर वनपरिक्षेत्र तोंगपाल के भष्ट्राचार को उजागर करते हुये मजदूरों के हक के लिये कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर तीन दिन के अंदर मजदूरों के मजदूरी राशी भुगतान करने की मांग रखी है व विभाग को चेतावनी देते हुये कहां है कि मजदूरों से 2021-22मे मजदूरों से काम कराकर मजदूरी देना भूल गयी है ऐसे भष्ट्र विभाग के अधिकारी कर्मचारीयों पर एफआईआर दर्ज करने की भी मांग रखी है समय रहते आम आदमी पार्टी के मांगो पर कार्यवाही नहीं होती है तो डीएफओ कार्यालय सुकमा का घेराव कर भष्ट्राचार के खिलाफ मजदूरों का हक दिलाने का काम आम आदमी पार्टी सुकमा करेगी ओर जिले भर के सभी वनपरिक्षेत्रो के भष्ट्राचार की जांच की मांग रखेगी व पार्टी अपने स्तर पर जांच कर क्षेत्रवासियों को उनका हक दिलायेगी भष्ट्राचार को आम आदमी पार्टी सुकमा बर्दास्त नहीं करेगी भष्ट्राचारियो के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर रहेगी। वहीं आम आदमी पार्टी के बस्तर लोकसभा अध्यक्ष नरेन्द्र नाग ने कहां की बस्तर संभाग में वनविभाग को भष्ट्राचार करने की छूट वनमंत्री केदार कश्यप ने दे रखा है इसीलिए वनविभाग के अधिकारी कर्मचारी लुट सको तो लुट लो की नीति अपनाकर पुरे बस्तर संभाग में केम्पा मद हो या सीएसआर की राशी को बंदरबांट करने में लगे हुये है ओर क्षेत्र के विकास के नाम इक्को डब्लपमेंट के नाम पर जल जंगल जमीन की सुरक्षा के नाम पर बीना काम किये ही लुट मचाकर खुब भष्ट्राचार कर रहे हैं ओर ऐसे भष्ट्राचार की शिकायत पर कोई कार्यवाही नहीं होती इसका कारण कहीं ना कहीं वनमंत्री केदार कश्यप जी का मौन संरक्षण कहें या सत्ताधारी नेताओं का दबाव कहें भष्ट्राचारी बच जाते हैं ओर मोटी कमीशन ऊपर तक पहुंचाकर ओर खुलकर बड़ा भष्ट्राचार में हाथ आजमाते हैं।

## युक्तियुक्तकरण शिक्षा व्यवस्था पर सुनियोजित हमला

**कांकेर, 15 जून।** भाजपा सरकार द्वारा चलाया जा रहा युक्तियुक्तकरण शिक्षा व्यवस्था पर एक सुनियोजित हमला है। इस नीति के तहत 10,463 स्कूलों को बंद करने और 45,000 से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त करने का निर्णय केवल प्रशासनिक आंकड़ों का खेल नहीं, बल्कि हजारों गरीब, आदिवासी और ग्रामीण बच्चों के भविष्य पर ताला लगाने की साजिश है। सरकार तर्क दे रही है कि जिन स्कूलों में बच्चों की संख्या कम है, उन्हें पास के स्कूलों में समायोजित किया जाएगा। लेकिन क्या सुदूर आदिवासी क्षेत्रों के बच्चों के पास निजी वाहन हैं? क्या किसी ने यह सोचा कि 6-7 साल का बच्चा 3-4 किलोमीटर दूर कैसे पढ़ने जाएगा। बच्चों की संख्या कम होने के पीछे शिक्षा की गुणवत्ता, शिक्षक और सुविधाओं की कमी है, समाधान स्कूल बंद करना नहीं, व्यवस्था सुधारना होना चाहिए। भाजपा सरकार के इस रवैये से स्पष्ट है कि उनका असली उद्देश्य शिक्षा का निजीकरण है। जिनके पास पैसे हैं, वे तो निजी स्कूलों में पढ़ा लेंगे, लेकिन



गरीबों के लिए शिक्षा का एकमात्र सहारा सरकारी स्कूल बंद कर दिए जाएंगे। भाजपा सरकार 2023 में 57,000 शिक्षकों की भर्ती और बंद स्कूल खोलने की मोदी गारंटी देकर सत्ता में आई थी, लेकिन डेढ़ साल बाद भी न नियुक्ति हुई, न कोई सुधार। उल्टा अब स्कूल बंद और शिक्षक के पद ही खत्म किए जा रहे हैं। यह वही सोच है जिसने रमन सरकार के दौरान भी हजारों स्कूल बंद किए थे। जिन्हें कांग्रेस की सरकार ने शुरू किया भूपेश बघेल के नेतृत्व में 5 वर्ष में 23,323 शिक्षकों की नियुक्तियां हुई तथा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में 6 हजार 730 शिक्षकीय पदों पर नियुक्तियां की गई थी। जो शिक्षा के क्षेत्र में पूर्व की कांग्रेस सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाता है, युक्तियुक्तकरण नीति से भाजपा सरकार बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है, स्कूल बंद किए जाने के इस फैसले से न केवल शिक्षा व्यवस्था चरमराएगी, बल्कि हज़ारों शिक्षकों के साथ-साथ मिड डे मील बनाने वाली महिलाएं, रसोईया, सफाई कर्मचारीयों के सामने भी रोजगार का संकट उत्पन्न होगा। सरकार को ये समझना चाहिए शिक्षा पर खर्च नहीं, निवेश होता है÷, और यदि सरकार बच्चों के भविष्य में निवेश नहीं कर सकती, तो वह किस विकास की बात कर रही है।

### शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दें शिक्षक : कलेक्टर

**राजनांदगांव 15 जून ।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर राजनांदगांव में आगामी शैक्षणिक सत्र के दृष्टिगत सभी स्कूलों के प्राचार्यों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि जिले में शिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यान देते हुए विशेष तौर पर कार्य करने की आवश्यकता है। बच्चों के परीक्षा परिणामों को बेहतर बनाने के लिए शैक्षणिक अध्ययन के लिए जो मापदण्ड उपलब्ध हैं, उसके आधार पर कार्य करते हुए आगे बढ़े। शिक्षा के क्षेत्र में सबसे ज्यादा नवाचार किए गए है।

## स्पा सेंटर में देह व्यापार,13 महिलाएं और तीन पुरुष पकड़ाए,आपत्तिजनक सामान भी जब्त

**दुर्ग,15 जून।** छत्तीसगढ़ के भिलाई स्थित सूर्या मॉल में संचालित स्पा सेंटर्स में पुलिस ने छापामार कार्रवाई की गई। देर रात अचानक पुलिस को देखकर मॉल में अफरा-तफरी मच गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने स्पा सेंटर की आड में चल रहे देहव्यापार का खुलासा किया। इस दौरान पुलिस ने 10 लड़किया और तीन पुरूष समेत 13 लोगों को पकड़ा। साथ ही मौके से कई आपत्तिजनक जीचें भी जब्त की। घटना समृति नगर चौकी थाना क्षेत्र की है। यह कार्रवाई एसएसपी विजय अग्रवाल के दिशा-निर्देश पर की गई।दरअलस, दुर्ग पुलिस को लंबे समय से भिलाई स्थित सूर्या मॉल में संचालित स्पा सेंटर्स में सेक्स रैकेट की शिकायत मिल रही थी। इस सूचना को एसएसपी विजय अग्रवाल ने गंभीरता से लिया और जांच कर कार्रवाई करने के



निर्देश दिये। पुलिस व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने शनिवार की देर रात स्पा सेंटर में रेड कार्रवाई की। इस दौरान अनैतिक गतिविधियों में संलिप्त लड़के और महिलाएं मिली। पुलिस को देखकर युवक व महिलाएं भागने की कोशिश कर रही थी, जिन्हें महिला कांस्टेबल ने दौड़ाकर पकड़ा।बता दें कि दुर्ग पुलिस ने शनिवार की रात कुल 8 स्पा सेंटर्स में छापामार कार्रवाई की थी। इस दौरान तीन स्पा में अनैतिक गतिविधियों में संलिप्त पकड़े गये। उनके पास से रजिस्टर, मोबाइल नंबर समेत आपत्तिजनक वस्तुएं मिली। पकड़े गये युवक और महिलाओं से देर रात तक पूछताछ पुलिस ने कीबताया जा रहा है कि पुलिस की कार्रवाई से पहले ही अनैतिक काम में लिप्त स्पा सेंटर्स के संचालक को किसी ने कार्रवाई की जानकारी दे दी थी। इसलिए पुलिस के पहुंचने से पहले ही स्पा सेंटर के कर्मचारी अलर्ट हो गये थे। फिलहाल पुलिस के आने की जानकारी किसने दी, इसकी जांच पुलिस द्वारा की जा रही है। वहीं, स्पा सेंटर में पकड़े गये 13 लोगों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी है।

# रायकोट रैक में एनएमडीसी और प्रशासन की शह पर चल रहा है सिंडीकेट : सुशील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 15 जून।** आज संभाग मुख्यालय राजीव भवन में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया जिसे बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के द्वारा संबोधित किया गया.. शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा,रायकोट में जो रैक का कार्य चल रहा है उसमें एनएमडीसी, खनिज विभाग,जिला प्रशासन व भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के सह पर एक लंबी सिंडीकेट चलाई जा रही है, प्राप्त जानकारी के अनुसार रायकोट रैक से प्रतिदिन 100टन लोहअयस्क की चोरी हो रही है जिसमें जिला प्रशासन, एनएमडीसी, पुलिस प्रशासन की पूर्णतः मिलीभगत है जिसके कारण बस्तर जिले को करोड़ों रुपए की राजस्व हानि का सामना करना पड़ रहा है।

मौर्य ने कहा कि यह सिंडीकेट तत्काल प्रभाव से रुकना चाहिए आखिर ओवर लोडिंग माल बैलाडीला से क्यों भरा जा रहा है



और बैलाडिला से ओवर लोडिंग माल भरने के बाद रायकोट में जब माल खाली हो रहा है तो वहां पर खनिज विभाग के अधिकारी क्यों नहीं बोल रहे हैं....?और ओवर लोडिंग रैक ट्रकों में गिराकर माल चोरी हो रहा है जो आज तक पकड़ा क्यों नहीं गया है..?? यह एक जीता जागता उदाहरण है। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा बस्तर जिले के पास कांकेर जिले में जो ट्रकों को पकड़ा जाता है जिस पर बीपीएस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए ब्लेक लिस्ट में डाला जाता है..कुल मिलाकर बस्तर जिले के साथ जिला प्रशासन एनएमडीसी विश्वासघात कर रही है छल करने का कार्य कर रही है यहां के स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है.. रायपुर और भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधियों के आड़ में में खुलेआम चोरी हो रही है जिसका कांग्रेस पार्टी पुरजोर विरोध करती है साथ ही जिला प्रशासन से मांग करती है कि यह लोह अयस्क की चोरी रोकी जाए जिससे कि राजस्व का नुकसान रुके। इस प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से ग्रामीण अध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष लता निषाद, सुषमा सुता, सहदेव नाग,रविशंकर तिवारी,अनुराग महतो, एस नीला, ज्योति राव आदि मौजूद रहे।

## तोंगपाल नाका से 26 किलो गांजा के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

**सुकमा ।** जिले के तोंगपाल पुलिस को मुखबीर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ लेकर जगदलपुर जाने के लिये तोंगपाल नाका के पास एनएच 30 सड़क किनारे खड़े हैं । उक्त सूचना पर थाना तोंगपाल से थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र यादव के हमराह स्टाप जांच नाका के पास एनएच 30 रोड के किनारे दो व्यक्ति जिनके पास दो ट्राली बैग व एक लटकन बैग रखे थे जो पुलिस पार्टी को देखकर भागने लगे जिन्हे पुलिस पार्टी द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया।

पूछ-ताछ में अपना नाम मोनू कुमार पिता स्व. रमेशचंद उम्र 19 वर्ष एवं शिवम कुमार पिता बबलू उम्र 18 वर्ष दोनों निवासी रोहटा रोड डूंगर पूथखास थाना मेरठ उ.प्र. का रहने वाले बताये तथा उनके कब्जे में रखे बैगो की तलाशी लेने पर कुल 26 किलो मादक पदार्थ गांजा परिवहन करते हुये पाया गया। उक्त कृत्य विधि विरूद्ध पाये जाने से दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना तोंगपाल में अप. क्र. 13/2025 धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर दोनों आरोपी मोनू कुमार और शिवम कुमार को गिरफ्तार कर कार्यवाही उपरांत आज शनिचार को न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल दाखिल किया गया ।

## कलेक्टर ने किया निर्माणाधीन स्पोर्ट्स स्टेडियम का निरीक्षण



**सुकमा,15 जून।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के द्वारा शनिवार को कुम्हाररास में निर्माणाधीन बहुउद्देशीय स्पोर्ट्स स्टेडियम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री ध्रुव ने गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कार्य पूर्ण करने और समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने खेल मैदान को चारों तरफ़ से देखा। उन्होंने बताया कि जिले में खेल गतिविधियों के लिए एक ही स्थान पर सभी प्रकार के खेल गतिविधियों के लिए स्टेडियम तैयार किया जा रहा है। अलग अलग खेल के मैदान हेतु निर्धारित जगह और मानक के अनुसार निर्माण कार्य पूर्ण किया जा रहा है। बहुउद्देशीय स्पोर्ट्स स्टेडियम के अंतर्गत इंडोर खेल बैडमिंटन, स्विमिंग पुल, बास्केटबॉल, बालीबाल, फुटबॉल, एथलेटिक्स ट्रैक, क्रिकेट पिच आदि का निर्माण किया जाएगा। अन्य जगहों में बनाये गए खेल स्टेडियम से भी जानकारी प्राप्त कर बेहतर खेल मैदान का निर्माण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य से संबंधित सभी अधिकारी उपस्थित थे।

## सुकमा नगर पालिका ने शुरू कराई नाले की साफ-सफाई




**सुकमा, 15 जून।** नगर पालिका परिषद सुकमा द्वारा वार्ड क्रमांक 07, 08 और 09 के बीच स्थित बड़े नाले की सफाई कार्य आज जेसीबी मशीन की सहायता से शुरू कर दी गई। यह सफाई कार्य वार्डवासियों की लंबे समय से चल रही माँग के बाद प्रारंभ हुआ है।मानसून से पहले इस सफाई से जलभराव, दुर्गंध और मच्छरों की समस्या से राहत मिलेगी। नाले की जमी हुई गंदगी को हटाकर नाले की गहराई को पुनर्स्थापित किया जा रहा है।दोनों जनप्रतिनिधियों ने मौके पर पहुंचकर सफाई कार्य की निगरानी की और नगरपालिका कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए।स्थानीय नागरिकों ने कार्य की सराहना करते हुए मांग की कि इस प्रकार की सफाई नियमित अंतराल पर होनी चाहिए, ताकि साफ-सफाई और स्वास्थ्य दोनों में सुधार बना रहे।यह कार्य सुकमा नगर के स्वच्छता अभियान को एक नई दिशा देगा और वार्डवासियों की जनहित की अपेक्षाओं को पूरा करने में सहायक सिद्ध होगा।

## ग्राम उत्कर्ष अभियान ग्राम कुंदेड़ में 16 से

**सुकमा,15 जून।** नियद नेल्लानार योजनान्तर्गत चयनित ग्रामों एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विभिन्नशासकीय योजनाओं एवं सुविधाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित किये जाने हेतु सुविधा शिविर एवं धरती आबाजनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का आयोजन किया जाएगा। उक्त शिविर के सफल क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के द्वारा एसडीएम कोन्टा को नोडल अधिकारी एवं जनपद सीईओ कोन्टा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। शिविर में विभागीय योजनाओं के अनुरूप आवश्यक व्यवस्था संबंधित विभाग प्रमुख को करने निर्देशित किया गया है। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोंटा विकासखंड के ग्राम पंचायत कुंदेड़ में 16, 17 और 18 जून को आयोजित तीनदिवसीय शिविर में कुंदेड़, गोन्दपल्ली उरसांगल और तोलेवर्ती पंचायत के ग्रामीण शामिल होंगे। इसी प्रकार ग्राम पंचायत केरलापेंदा में 20, 21 और 22 जून को आयोजित शिविर में केरलापाल, लखापाल, नागारास, तोकनपल्ली, छोटेगानगुलावा और तोंगपल्ली पंचायत के ग्रामीण ग्राम पंचायत चिंतलनार में 24, 25 और 26 जून को आयोजित तीनदिवसीय शिविर में चिंतलनार, पुलनपाड़, चिमली, कामाराम और अचकट पंचायत के ग्रामीण शामिल होंगे। शिविर में उपस्थित होकर सभी शासकीय योजनाओं का लाभ लिया जा सकता है।

## सुरूज सम्मान समारोह बस्तर की कला संस्कृति और समाजसेवा को सलाम




**जगदलपुर,15 जून।** बस्तर चैम्बर ऑफ कॉमर्स के सभागार में बुधवार की शाम एक विशेष गरिमा और सांस्कृतिक उल्लास के साथ 'सूरूज सम्मान समारोह 2025' का आयोजन किया गया। यह सम्मान समारोह स्व. सुरूज बाई खांडे की जयंती पर हर वर्ष मनाया जाता है, जो छत्तीसगढ़ की प्रथम अंतरराष्ट्रीय भरथरी गायिका थीं। सुरूज बाई ने अपनी लोक गायन की प्रतिभा से न केवल छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया, बल्कि भरथरी परंपरा को वैश्विक पहचान दिलाई। सूरूज ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस तीसरे वार्षिक समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 21 विभूतियों को 'सूरूज सम्मान' से नवाजा गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बस्तर की लोक संस्कृति, साहित्य, समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण, चित्रकला, पर्यटन और लोक संगीत को प्रोत्साहित करना था।

एक नजर

## 12 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता की मौत, इलाके में गम और गुस्सा

**सूरजपुर, 15 जून** । सूरजपुर जिले में 12 वर्षीय नाबालिग छात्रा के साथ हुए जघन्य दुष्कर्म के मामले में एक दुखद मोड़ आया है। घटना के दस दिन बाद, पीड़िता ने रायपुर के एक अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जिससे पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश फैल गया है।

यह दिल दहला देने वाली घटना 1 जून को खड़गवां चौकी क्षेत्र में हुई थी। पीड़िता, जो अपने माता-पिता के साथ अपनी नानी के घर आई थी, को उसी गांव के एक नाबालिग आरोपी ने दुष्कर्म का शिकार बनाया।भय और सदमे के कारण, ब'ची ने छह दिनों तक इस बारे में किसी को नहीं बताया। हालांकि, जब अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी, तो उसे अंबिकापुर के अस्पताल ले जाया गया, जहां इस जघन्य अपराध का खुलासा हुआ। इसके बाद, परिजनों ने तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए नाबालिग आरोपी को हिरासत में ले लिया और उसे बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया। पीड़िता की गंभीर हालत को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया था, जहां वह जिंदगी और मौत से जूझ रही थी। दुखद रूप से, शनिवार को उसने अंतिम सांस ली। इस घटना ने पूरे सूरजपुर क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है और लोग न्याय की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने बताया है कि मामले की गहन विवेचना जारी है।

## जो कार कभी छत्तीसगढ़ नहीं आई, उसका काटा ई-चालान

**बिलासपुर ,15 जून।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिला परिवहन विभाग में रजिस्टर्ड एक कार कभी छत्तीसगढ़ के बिलासपुर नहीं आई है। इसके बाद भी ट्रैफिक पुलिस ने उसका ई-चालान भेज दिया है। इससे परेशान गाड़ी मालिक ने अपनी गाड़ी का फर्जी नंबर लगाकर दुरुपयोग करने की शिकायत की है।

## बिलासपुर में ओवरब्रिज के नीचे मिली लाशःहत्या की आशंका

**बिलासपुर, 15 जून।** बिलासपुर में शनिवार को ओवरब्रिज के नीचे और कोलवाशरी के पास शव झाड़ियों के बीच पड़ा मिला। लाश एक सप्ताह से ज्यादा पुरानी होने की बात कही जा रही है। धूप की वजह से शव में कीड़े लग गए थे और पूरी तरह जल गए थे। आशंका जताई जा रही है कि हत्या कर साक्ष्य मिटाने।

## भिलाई में चावल तस्कर ने व्यापारी को दी धमकी

**दुर्ग 15 जून।** दुर्ग जिले में पीडीएस चावल की तस्करी, गाली-गलौज और धमकी देने का मामला सामने आया है। व्यापारी दीपक अग्रवाल ने छावनी थाने में शिकायत करते हुए बताया कि, चावल तस्कर सूरज साव के दोस्त ने उसे जान से मारने की धमकी दी है।

# विस्थापितों को तत्काल दिया गया आवास, शिफ्टिंग के लिए प्रशासन की टीमें तैनात



**रायगढ़, 15 जून।** प्रगति नगर से विस्थापित हुए परिवारों को जिला प्रशासन द्वारा मां विहार में बने प्रधानमंत्री आवास में शिफ्ट किया जा रहा है। यहां उनके रहने की व्यवस्था की गई है। लोगों के सामान की शिफ्टिंग के लिए नगर निगम की टीमें लगी हुई हैं। लोगों के सामान को लोड कर मां विहार कॉलोनी में उन्हें दिए जा रहे आवासों में कॉलोनी में पहुंचाने का काम नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। यहां शिफ्ट हो रहे लोगों के भोजन की व्यवस्था भी की गई है।

मां विहार कॉलोनी में शिफ्ट हुए लल्लू तिवारी ने बताया कि कॉलोनी में सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध है। यहां हमें पक्के मकान मिल रहे हैं। जिससे मकान की चिंता करने की जरूरत नहीं होगी। यहां पानी, बिजली, नाली की व्यवस्था है। चारों ओर बाउंड्रीवाल है। साफ -सफाई की व्यवस्था भी नगर निगम द्वारा करवाई गई है। उन्होंने बताया कि जहां रह रहे थे वहां रिश्ता करने में भी हमें दिक्कत होती थी। अब एक अच्छे और व्यवस्थित कॉलोनी में रहने को मिलेगा तो परिवार का जीवन भी बेहतर होगा। इसी प्रकार श्री उपाध्याय ने कहा जिला प्रशासन की ओर से रहने के लिए तत्काल मकान दिया गया है। सामान की शिफ्टिंग में हर संभव मदद किया जा रहा है। नगर निगम की टीम हमारे सामान की लोडिंग- अनलोडिंग में सहायता कर रही है। यहां एक सुरक्षित कैंपस में हमें घर दिया गया है। रूपकुंवर श्रीवास ने कहा नगर निगम द्वारा आवास दिया गया है। सामान लाने और यहां चढ़ाने में भी सहयोग दिया जा रहा है। हमें तत्काल पक्का मकान दिया गया है। यहां रहने के लिहाज से नगर निगम द्वारा सारी व्यवस्थाएं की जा रही हैं।प्रगति नगर से जिन्हें शिफ्ट किया जाना हुआ उनके सहयोग के लिए प्रशासन की टीमें तैनात हैं। मां विहार कॉलोनी में रहने की व्यवस्था की गई है। यहां पहुंचने वाले लोगों को आवास दिए जा रहे हैं। इसके लिए यहां हेल्प डेस्क बनाया गया है। लोगों की शिफ्टिंग के लिए नगर निगम का अमला लोगों का सहयोग कर रहा है। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि अब तक करीब 47 लोगों को आवास दिया जा चुका है। करीब 13 लोग शिफ्ट भी कर चुके हैं। सभी लोगों के शिफ्टिंग के लिए तैयारी की गई है।

# जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में रक्तदान शिविर आयोजित




**रायगढ़, 15 जून।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के दिशा निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में आज जिले के समस्त आरोग्य आयुष्मान मंदिरों में विश्व रक्तदाता दिवस मनाया गया। इसका मुख्य उद्देश्य है रक्त एवं प्लाज्मा दान की आवश्यकता और रोगियों को उनके जीवन पर प्रभाव के बारे में लोगों को जागरूक करना। नये रक्तदाता को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित करना, जिसमें पर्याप्त रक्त उपलब्धता सुनिश्चित हो सकें। दूसरो के स्वास्थ्य और जनकल्याण पर रक्तदाताओं के सकारात्मक प्रभाव को उजागर करना और रक्तदान के माध्यम से एकजुटता करूणा और सामुदायिक मूल्यों को बढ़ावा देना रक्तदाओं का पंजीयन करना जनभागीदारी की भावना के साथ जनप्रतिनिधियों एवं युवाओं को शामिल करते हुए रक्तदान करने हेतु जन जागरूकता प्रचार-प्रसार हेतु आयोजन किया जा रहा है। रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कमजोरी नही आती है, रक्तदान करने से नये ब्लड सेल्स का निर्माण होता है, हर स्वस्थ व्यक्ति को वर्ष में दो बार रक्तदान अवश्य ही करना चाहिए।

# मोतियाबिंद के मरीजों के ऑपरेशन के लिए पंजीयन

**रायगढ़, 15 जून।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की बैठक लेकर अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि दोनों आंख से प्रभावित मोतियाबिंद के मरीजों का प्राथमिकता के साथ ऑपरेशन करना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि मोतियाबिंद के ऐसे ग्रसित मरीज जो 10 फीट की दूरी देखने में असमर्थ है, उनका पंजीयन करते हुए ऑपरेशन कराना सुनिश्चित करें। इस संबंध में सीएमएचओ डॉ.अनिल कुमार जगत ने बताया कि ऐसे मरीज अपना पंजीयन विकासखण्ड के सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में कार्यरत नेत्र सहायक अधिकारी के पास आधारकार्ड एवं मोबाइल नंबर सहित करा सकते है। इसके अलावा मरीज स्वयं शासकीय किरोड़ीमल जिला चिकित्सालय रायगढ़ में उपस्थित होकर नेत्र रोग विभाग में भी मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु अपना पंजीयन करवा सकते है। जिससे प्राथमिकता के साथ दोनों आंख से ग्रसित मोतियाबिंद मरीजों का निर्धारित तिथि में निरूशुल्क ऑपरेशन किया जा सके।सीएमएचओ ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2024-25 में आरएचओ, मितानिनों और नेत्र सहायक अधिकारियों के संयुक्त प्रयास से जिले भर में 940 ऐसे मरीजों का सफल निश्शुल्क ऑपरेशन कराया गया है जो दोनों आंखों से मोतियाबिंद से पीड़ित थे। वहीं, चालू सत्र में 128 नए मरीजों की पहचान की गई है, जिनमें से 35 का सफल ऑपरेशन पहले ही किया जा चुका है और शेष मरीजों की प्रक्रिया जारी है।

### छात्र-छात्राओं के नेत्र परीक्षण में भी हुए उल्लेखनीय कार्य

## आदिवासी समाज को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाएगा चरण पादुका योजना : विकास मरकाम

**रायपुर,15 जून।** अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चरण पादुका योजना के पुनः प्रारंभ किए जाने पर सराहना करते हुए कहा माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की सुशासन सरकार, आदिवासी हितैषी सरकार ने तेंदूपत्ता संग्राहकों के कल्याण हेतु एक बार फिर चरण पादुका योजना को पुनः प्रारंभ करने की घोषणा की है। यह योजना भारतीय जनता पार्टी के संकल्पपत्र 'मोदी की गारंटी' का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसे पूरा करके हमारी सरकार ने आदिवासी समाज के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को सिद्ध किया है।चरण पादुका योजना का उद्देश्य तेंदूपत्ता संग्राहकों, विशेषकर आदिवासी समुदाय के लोगों को जंगलों में कार्य के दौरान सुरक्षा और सुविधा प्रदान करना है।

# ऐतिहासिक मान्यता के स्कूल को मर्ज किए जाने के विरोध में होगा आंदोलन : विनोद

**महासमुंद।** ऐतिहासिक मान्यता के स्कूलों को युक्तियुक्तकरण के नाम पर अन्य स्कूलों में मर्ज किए जाने का विरोध करते हुए पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने सरकार के इस कृत्य को जनभावनाओं से खिलवाड़ बताया है। साथ ही आगामी 16 जून को प्रवेशोत्सव के दिन उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

चंद्राकर ने बताया कि ग्राम खट्टी के प्राथमिक शाला का स्थापना ब्रिटिश शासन काल के दौरान सन 1899 में हुआ है। इस स्कूल में अनेक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने प्राथमिक शिक्षा प्राप्त किया। ग्राम के वरिष्ठ बुजुर्गों के अनुसार इस स्कूल के लिए यहां के मालगुजार डागा परिवार द्वारा भूमिदान किया था। स्कूल स्थापना के बाद खट्टी सहित क्षेत्र के 40 ग्रामों के छात्र यहां अध्ययन करने आते थे। स्कूल की ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए 1999 में इस स्कूल के शताब्दी वर्ष मानने के लिए शासन ने 50 हजार रुपए प्रदान किए थे। साथ ही इस स्कूल के ऐतिहासिक महत्ता को देखते हुए शासन ने इसे ऐतिहासिक धरोहर मानकर 4 लाख 95 हजार रुपए अनुदान स्वरूप प्रदान किया था। ताकि स्कूल का रखरखाव सुव्यवस्थित रूप से हो सके। ऐसे ऐतिहासिक स्कूल को किस आधार पर कन्या शाला के साथ मर्ज किया जा रहा है, इस पर प्रशासन अपनी नियत स्पष्ट करें। क्योंकि युक्तियुक्तकरण नियम के कंडिका



क्रमांक 6 में स्पष्ट उल्लेख है कि किसी भी ऐतिहासिक, पुरातन मान्यताओं से जुड़े स्कूलों को मर्ज नहीं किया जाए। यदि खट्टी के इस ऐतिहासिक स्कूल को शासन के आदेश पर युक्तियुक्तकरण के तहत मर्ज किया जा रहा है तो यह भाजपा सरकार की दोहरी चरित्र को दर्शाती है, इससे भाजपा सरकार की कथनी और करनी में फर्क स्पष्ट नजर आ रहा है। भाजपा को लोगों की आस्था, उनकी भावनाओं से कोई सरोकार नहीं। और यदि शासन के आदेशों का उल्लंघन कर प्रशासनिक अधिकारी अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने की नियत से इस ऐतिहासिक स्कूल को मर्ज करने में तुली है तो इस तानाशाही पूर्ण कार्रवाई से यही सिद्ध होता है कि प्रशासन को सरकार का भय नहीं है। सरकार का प्रशासन पर अंकुश नहीं है। अधिकारी अपना अलग शासन चला रहा है। नियमों अनदेखी कर ऐतिहासिक स्कूल को मर्ज किया गया तो कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। आगामी 16 जून को प्रवेशोत्सव के दिन क्षेत्र के दर्जनों ग्रामों के ग्रामीण तथा हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओ के साथ सरकार के गलत नीति, मनमानी पूर्ण कार्रवाई, तानाशाही रवैए के विरोध में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# जैविक खेती को बढ़ावा देने बोडराबांधा में जिला स्तरीय कृषि मेला का आयोजन



**महासमुंद, 15 जून।** जिले में किसानों को जैविक खेती की ओर प्रेरित करने एवं उन्नत जैविक तकनीकों की जानकारी देने के उद्देश्य से जिला स्तरीय जैविक कृषि मेला सह कृषक-वैज्ञानिक परिचर्चा का आयोजन आज बागबाहरा विकासखण्ड के ग्राम बोडराबांधा स्थित माध्यमिक शाला परिसर में किया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महासमुंद लोकसभा सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी रहीं। विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री भीखम सिंह ठाकुर, अपर कलेक्टर श्री रवि राज ,ठाकुर कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण, कृषि वैज्ञानिक, जनप्रतिनिधिगण, जैविक खेती से जुड़े विशेषज्ञ, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में कृषक सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि रासायनिक खेती ने उत्पादन तो बढ़ाया है, लेकिन भूमि की उर्वरता को हानि भी पहुंचाई है। अब समय आ गया है कि हम प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करते हुए जैविक खेती को अपनाएं। जैविक खेती न केवल पर्यावरण को संरक्षित करती है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। हमारी सरकार किसानों को जैविक खेती की दिशा में आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि किसान रसायनिक खाद के उपयोग को जगह धीरे धीरे जैविक और प्राकृतिक खाद का उपयोग व्यवहार में लाएं।इससे मिट्टी की उर्वरता बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि उत्पादन के साथ मिट्टी को भी बचाना है।जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री भीखम सिंह ठाकुर ने कहा कि जैविक खेती के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ को अग्रणी राज्य बनाना हमारा लक्ष्य है। इसके लिए कृषि विभाग, वैज्ञानिक समुदाय और किसानों के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है। इस मेले से किसानों को जैविक खाद, कीट नियंत्रण विधियों, बीज चयन एवं विपणन की बेहतर जानकारी मिली है।इस मौके पर आयोजित कृषक-वैज्ञानिक परिचर्चा में कृषि विज्ञान केंद्र महासमुंद एवं जैविक खेती से जुड़े विशेषज्ञों ने किसानों को जैविक खाद निर्माण, कीट प्रबंधन, फसल चक्र, जैव उर्वरक उपयोग, बाजार से जोड़ने की रणनीति आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी।

# कार में तोड़फोड़ और चाकू से हमला करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, एक नाबालिग भी शामिल

**धमतरी, 15 जून** । धमतरी जिले के थाना अर्जुनी अंतर्गत ग्राम दोनर और ढीमरटिकुर के बीच 14 जून की शाम एक सनसनीखेज वारदात सामने आई, जहां प्रार्थी पोखनलाल साहू और उसके मित्र जीवनलाल ध्रुव पर जानलेवा हमला किया गया। प्रार्थी अपनी क्रेटा कार से ग्राम बोरसी से लौटते समय ग्राम दोनर के पास पहुंचे ही थे कि वहां लिक्की उर्फ चन्द्रशेखर साहू और उसके दो अन्य साथियों ने पुरानी रंजिश को लेकर रास्ता रोक लिया। उन्होंने अश्लील गालियां देते हुए कार में तोड़फोड़ शुरू कर दी और लिक्की ने चाकू से प्रार्थी के दाहिने हाथ पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। डर के मारे प्रार्थी और उसका मित्र वाहन वहीं छोड़कर गांव लौटे और थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अर्जुनी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रातभर अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी और मात्र 24 घंटे के भीतर मु य आरोपी लिक्की उर्फ चन्द्रशेखर साहू (24 वर्ष) और उसके साथी हारेन्द्र यादव (18 वर्ष 9 माह) को गिर तार कर लिया। इस हमले में एक विधि से संघर्षरत बालक भी शामिल था, जिसे किशोर न्याय बोर्ड में प्रस्तुत किया जा रहा है। मु य आरोपी लिक्की साहू से पूछताछ में अपराध स्वीकार करने पर एक फोल्डिंग चाकू भी बरामद किया गया।

पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की धाराओं 126(2), 296, 118(1), 118(2), ×51(×), ×24(4).×.(5) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की जा रही है और मामले की आगे की विवेचना जारी है।

# कोरबा-उरगा मुख्य सड़क जर्जर,बारिश से पहले सुधार नहीं हुआ तो बढ़ेगी परेशानी

**कोरबा, 15 जून** । कोरबा-उरगा मार्ग पर स्थित थाना के ठीक सामने की लगभग 200 मीटर लंबी सडक जर्जर हालत में पहुंच गई है। सडक पर बड़े-बड़े गड्ढों ने आवागमन को खतरे में डाल दिया है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी हुई है। यह मार्ग लोक निर्माण विभाग के अधीन आता है।

स्थानीय नागरिकों और वाहन चालकों ने मानसून की शुरुआत से पहले इस मार्ग की मर मत की मांग की है। क्षेत्रीय पुलिस और सामाजिक संगठनों द्वारा भी इस मामले की गंभीरता को देखते हुए लोक निर्माण विभाग और जिला प्रशासन को कई बार अवगत कराया गया है। जानकारी के अनुसार, इस मार्ग पर गड्ढों की स्थिति इतनी खराब हो गई है कि दुपहिया और छोटे वाहन चालकों के लिए यहां से सुरक्षित निकलना मुश्किल हो गया है। आए दिन वाहन फिसलने और गिरने की घटनाएं हो रही हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से संबंधित विभाग का ध्यान इस ओर खींचा जा रहा है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। यदि जल्द ही मर मत कार्य प्रारंभ नहीं हुआ, तो बारिश के मौसम में हालात और बिगड़ सकते हैं, जिससे गंभीर दुर्घटनाएं हो सकती हैं। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस सडक की मर मत कराई जाए ताकि आमजन को राहत मिल सके और संभावित हादसों से बचा जा सके।

# लेट से दफ्तर पहुंच रहे कर्मचारी,अशवंत ने की आधार-आधारित उपस्थिति प्रणाली की मांग

**महासमुंद, 15 जून।** छत्तीसगढ़ में सरकारी नौकरी कर रहे हैं और अक्सर देर से दफ्तर पहुंचते हैं, भाजपा की सक्रिय सदस्य और किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने विधानसभा अध्यक्ष मान. डॉ रमन सिंह जी को पत्र लिखकर दफ्तर लेट पहुंचने वाले अधिकारी कर्मचारी के ऊपर कठोर से कठोर कार्यवाही करने का मांग किया । तुषार ने पत्र में कहा राज्य सरकार ने कार्यालयीन अनुशासन सख्त करने की दिशा में बड़ा कदम उठाई जाना चाहिए, सभी सरकारी कर्मचारियों को सुबह 10 बजे से शाम 5:30 बजे तक कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहना चाहिए इसके साथ ही आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली को पूरी तरह लागू करने का मांग किया, तुषार ने कहा कि शासन आदेशों के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लोकहित में कार्यालयीन कार्यों के सुव्यवस्थित संचालन के लिए सभी शासकीय/अशासकीय (नियमित, संविदा एवं दैनिक वेतनभोगी) अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आधार-आधारित उपस्थिति प्रणाली को अनिवार्य रूप से जल्द से जल्द लागू किया जाना चाहिए, इसके अंतर्गत सभी कर्मचारियों को प्रतिदिन निर्धारित समय पर अपने मोबाइल फोन के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण द्वारा उपस्थिति एवं प्रस्थान दर्ज करना अनिवार्य होना चाहिए ।

# विश्व रक्तदान दिवस पर सामाजिक संगठनों की भूमिका सराहनीय:अग्रवाल

**कोरबा, 15 जून** । जिला रेड क्रॉस सोसाइटी कोरबा के चेयरमेन राम सिंह अग्रवाल ने रेड क्रॉस सोसाइटी व सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वाधान में जिले के अनेक रक्तदान शिविरों में अपनी टीम की उपस्थिति दर्ज कराते हुए रक्तदान शिविर का जायजा लिया तथा सार्वजनिक उपक्रमों व सामाजिक संगठनों के द्वारा बढ़-चढ़कर रक्तदान शिविर आयोजन के साथ रक्तदान महादान में सैकड़ो सहभागियों ने अपना रक्तदान राष्ट्र के लिए समर्पित किया जिसकी रेड क्रॉस सोसाइटी ने भूरी भूरी प्रशंसा की।

सर्वप्रथम जिला चिकित्सालय कोरबा में रक्तदान शिविर उद्घाटन के अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन राम सिंह अग्रवाल ने अपनी टीम के साथ रक्तदान शिविर में कार्यरत डॉक्टरो, कर्मचारियों तथा रक्तदाताओं का हाल-चाल जाना।सार्वजनिक उपक्रम एसईसीएल कोरबा पूर्व मु य चिकित्सालय में विशाल रक्तदान शिविर में रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन राम सिंह के नेतृत्व में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई जहां एसईसीएल कोरबा एरिया के महाप्रबंधक, मानिकपुर परियोजना के महाप्रबंधक, मु य चिकित्सालय के मु य चिकित्सा अधिकारी, सृष्टि महिला मंडल तथा एसईसीएल के सभी ट्रेड यूनियन के पदाधिकारी की उपस्थिति में बृहद रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया इस अवसर पर जिला रेड क्रॉस सोसाइटी ने उनके इस कार्य के लिए भूरी-भूरी प्रशंसा की।रेड क्रॉस सोसाइटी की टीम ने आरोग्यधाम पीली क्लीन, न्यू बस स्टैंड ट्रांसपोर्ट नगर में भी रक्तदान शिविर का निरीक्षण किया तथा कार्यों पर संतोष व्यक्त किया।भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा कोरबा के चेयरमेन राम सिंह अग्रवाल के नेतृत्व में वाइस चेयरमैन आरपी तिवारी, रा'य प्रतिनिधि योगेश जैन,प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य विनोद उपस्थित थे।

## महिला की लाश सड़क पर मिली,पति गिरफ्तार

**नारायणपुर, 15 जून।** ओरछा के मां शारदा आश्रम रोड पर एक महिला की लाश बरामद हुई है. महिला की हत्या गला रेतकर किया गया है, पुलिस ने इस मामले में सक्रियता दिखाते हुए आरोपी पति और उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया है।मिली जानकारी के अनुसार सुंदरी उसेंडी शाम के वक्त अपनी बेटी के साथ साइकिल से घर वापस आ रही थी उसी वक्त उसके पति और देवर ने इस वारदात को अंजाम दिया, बताया जा रहा है कि पत्नी के चरित्र पर शक में आरोपी ने भाई के साथ मिलकर हत्या की है।

# फर्जी खुफिया अधिकारी रायपुर में गिरफ्तार

**रायपुर।** खुफिया अधिकारी बनकर ठगी की घटना को अंजाम देने वाला अंतर्राज्यीय आरोपी बालमीक तिवारी गिरफ्तार हो गया है, मोहर दास बंजारे ने चौकी सिलयारी थाना धरसींवा में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि वह सिलयारी थाना धरसींवा रायपुर का निवासी है। 29.05.2025 को प्रार्थी के मोबाईल फोन में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन कर स्वयं को पुलिस का खुफिया अधिकारी बताते हुये पुलिस कार्यवाही में सहयोग करने कहने के साथ ही कहा कि हमें एक आरोपी को पकडने हेतु किसी सिविलियन के नम्बर से उस आरोपी के खाते में पैसा भेजना है। जिस पर प्रार्थी सहयोग की भावना से राजी हो गया तथा अज्ञात व्यक्ति द्वारा बताये मोबाईल नंबर में दो बार में वह कुल 39,000/- रूपये ट्रांसफर किया। अज्ञात व्यक्ति द्वारा प्रार्थी को कहा गया कि वह सिलयारी पहुंचकर पैसा दे देगा, किंतु ना ही कोई व्यक्ति सिलयारी आया और ना ही प्रार्थी के खाते में पैसा वापस भेजा। इस प्रकार अज्ञात व्यक्ति द्वारा प्रार्थी के साथ ठगी किया गया जिस पर प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना धरसींवा में अपराध क्रमांक 259/25 धारा 318, 319 बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

# शासकीय राशन दुकानों में लगाई जाएगी एलआई स्कैनरयुक्त वीए-2 वन ई-पीओएस डिवाइस

**कोरबा, 15 जून** । उचित मूल्य की राशन दुकानों (पीडीएस) में चार साल पहले लगाई गई पीओएस मशीनें जल्द ही दुकानों से बाहर हो जाएंगी। इसके स्थान पर एलआई स्कैनर युक्त वीए 2 वन ई-पीओएस डिवाइस लगाई जाएगी।

बताया जा रहा है कि पुरानी पीओएस मशीन राशन वितरण की पारदर्शिता में खरी नहीं उतर पाई। राशन वितरण में लगातार गड़बड़ी की शिकायतें मिलती ही रही। इस वजह से पूरे प्रदेश में सभी पुरानी मशीनों की जगह नई मशीनें लगाई जा रही है। इसी वजह से इस माह से पीओएस मशीन से वितरण बंद कर दिया गया है और ओटीपी सिस्टम को लागू किया गया है। पुरानी मशीनों को बदलने की शुरूआत भी प्रदेश में हो चुकी है। नई मशीन मिलते ही सभी पीडीएस संचालकों को ट्रेनिंग दी जाएगी और फिर नई मशीन से वितरण भी शुरू हो जाएगा। जिसके बाद फिर से अंगूठा लगाकर राशन वितरण होगा।

पीडीएस दुकान में जो नई अपग्रेड पीओएस मशीन लगेगी, यह पुरानी मशीन से काफी छोटी टैबलेट के आकार की है। इसमें फ्रिंगरप्रिंट सेंसर को अपडेट किया गया है। पुरानी मशीन में सबसे 'यादा परेशानी हितग्राहियों के अंगूठे के निशान नहीं आने की समस्या थी। वहीं दूसरी समस्या सर्वर की थी। जिसे नई मशीन में अपग्रेड कर दूर करने का प्रयास किया गया है। बता दें, पिछले 8 साल में राशन दुकानों की मशीनों को दो-तीन बार बदला जा चुका है। वर्ष 2021 से हितग्राहियों के आधार नंबर, मोबाइल नंबर को राशन कार्ड से लिंक करने के बाद पीओएस मशीन से राशन वितरण हो रहा है।

# बच्चों ने लिया संकल्प:चातुर्मास में धर्म आराधना से जुड़ेंगे

**रायपुर,15 जून।** । आचार्य जिनमणिप्रभ सूरीश्वर द्वारा प्रतिष्ठित सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, भैरव सोसायटी में रविवार प्रातः से ही बच्चों ने आगामी चातुर्मास में धर्म आराधना से जुड़ने का संकल्प लिया, पूर्वाभ्यास के रूप में जिनपुजन व गुरुवंदना का अभ्यास भी किया। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि आगामी 9 जुलाई से जैन धर्म का चातुर्मास आरम्भ होने जा रहा है । जैन धर्म में भगवान महावीर स्वामी ने चतुर्विध संघ के लिए वर्षावास के चार माह एक स्थान में रहकर धार्मिक क्रियाओं में जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त किया है । जैन साधु साध्वियों के लिए चातुर्मास काल में निश्चित सीमा के बाहर विचरण प्रतिबंधित रहता है । एक नगर में रहकर स्वयं भी साधना करना है व जनसमुदाय को धार्मिक अनुष्ठान से जोड़ना होता है । रायपुर में इस वर्ष जैन दादाबाड़ी एम जी रोड़ में जैन साध्वी हँसकीर्ति श्रीजी , ज्ञानवल्लभ उपाश्रय विवेकानंद नगर में उपाध्याय महेन्द्र सागर, महावीर जिनालय न्यू राजेन्द्र नगर में उपाध्याय मनीष सागर, हिरसूरी भवन भैरव सोसायटी में प्रियदर्शी विजय जी गुरुभगवंतों का चातुर्मास होगा । चमत्कारी जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी भैरव सोसायटी में आज बच्चों ने चातुर्मास में विराजमान साधु संतों के सानिध्य में धर्म आराधना करने का निश्चय दोहराया है । सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी भैरव सोसायटी में चातुर्मास आरम्भ 9 जुलाई बुधवार गुरुपूर्णिमा 10 जुलाई गुरुवार 21 दिवसीय दादागुरुदेव इक्तिसा जाप सोमवार 28 जुलाई से 17 अगस्त रविवार तक ,पर्युषण पर्व 20 अगस्त बुधवार से प्रारंभ 24 अगस्त रविवार महावीर जन्मवांचन , 27 अगस्त बुधवार संवत्सरी महापर्व मनाया जाएगा।

## वैराग्य की गाथा भरथरी में राजा की

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग के सहयोग से संस्था 'रंगसरोवर' की प्रस्तुति लोकनाट्य उत्सव में वैराग्य की गाथा भरथरी का मंचन 14 जून शनिवार की शाम शहर के गोविंद राम निर्मलकर सभागार में हुआ। प्रख्यात लोकगायिका और भरथरी गायन की पुरोधा स्व. सुरूज बाई खांडे को समर्पित इस नाट्य मंचन की अतिथियों और दर्शकों ने मुक्तकंठ से सराहना की। खास कर एक राजा को संन्यासी स्वरूप में देख दर्शक भी भावुक हो गए। मूल रूप से वैराग्य की इस गाथा ने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा।120 मिनट की सधी हुई इस प्रस्तुति में 50 से अधिक सदस्य टीम में शामिल थे। जिसमें कथानक के साथ 15 से अधिक गीतों की प्रस्तुति भी हुई। पूरी टीम की तीन महीने की रिहर्सल का नतीजा मंच पर नजर आ रहा था।

प्रमुख अतिथियों में शामिल डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, लोकगायिका कविता वासनिक, समन्वयक पद्मश्री राधे श्याम बारले और इस नाट्य में आलेख, गीत, संगीत एवं निर्देशन की जवाबदारी संभालने वाले वरिष्ठ रंगकर्मी भूपेन्द्र साहू ने स्व. सुरूज बाई खांडे के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। विधायक दलेश्वर साहू ने इस दौरान भरथरीलोकगाथा के मंचन के लिए संस्था रंगसरोवर की पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे अभिनव प्रयास होते रहना चाहिए। प्रख्यात लोकगायिका कविता वासनिक ने लोकगीत को नाट्य स्वरूप में प्रस्तुत करने के भूपेंद्र साहू के प्रयास की सराहना की।

# केशकाल बाईपास को केन्द्र सरकार ने दी फोर लेन की मंजूरी, मंत्री केदार ने पीएम का आभार जताया

**जगदलपुर।** केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में ह॥-30 पर 11.380 किलोमीटर लंबाई वाले केशकाल बाईपास को पेव्ड शोल्डर मानक के साथ 4-लेन में अपग्रेड करने के लिए 307.96 करोड़ रुपए की लागत के साथ स्वीकृति दी है । प्रदेश के वनमंत्री केदार कश्यप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह , केंद्रीय परिवहन एवं सड़क मंत्री नितिन गडकरी व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी का आभार जताया है. मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सड़क बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में यह निर्माण सहायक होगी। फोर लेन सड़क परियोजनाएं यातायात को सुगम और सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी।

हरी झंडी



**रायपुर, 15 जून।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज लोरमी स्थित अपने विधायक कार्यालय से सोलर बैटरी से भरे वाहन को हरी झंडी दिखाकर अचानकमार के लिए रवाना किया। इन बैटरियों से अचानकमार के 13 गांव रोशन होंगे। वहां सौर ऊर्जा से बिजली उपलब्ध कराने ये बैटरियां भेजी जा रही हैं। अचानकमार वनांचल के बिजराकछार क्षेत्र के 13 गांवों में रात में प्रकाश की व्यवस्था के लिए 522 बैटरियां लगाई जाएंगी। उप मुख्यमंत्री साव ने बैटरी ले जा रहे वाहन को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि अब अचानकमार वनांचल में बरसात के दिनों में अंधियारा नहीं होगा। रात में रोशनी की व्यवस्था हो जाने से वहां के रहवासी जंगली जीव-जंतुओं के खतरे से सुरक्षित रहेंगे।

### उप मुख्यमंत्री अरुण साव पहुंचे मातृ-शिशु अस्पताल

# महिलाओं व नवजातों के स्वास्थ्य की ली जानकारी

- अस्पताल में निर्माणाधीन कार्यों का लिया जायजा, समय-सीमा में काम पूरा करने के दिए निर्देश
- नए भवन के निर्माण से बढ़ेगी बिस्तरों की संख्या





**रायपुर, 14 जून।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज मुंगेली जिले के लोरमी स्थित मातृ-शिशु अस्पताल पहुंचकर महिला वार्ड, प्रसव कक्ष एवं पोस्ट-ऑपरेटिव वार्ड में भर्ती महिलाओं तथा शिशुओं के परिजनों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य और इलाज के इंतजामों की जानकारी ली। उन्होंने मरीजों को फल भी वितरित किए। श्री साव ने डॉक्टरों से नवजात शिशुओं के देखभाल के बारे में पूछा। उन्होंने अस्पताल की मौजूदा व्यवस्थाओं और सुविधाओं की समीक्षा कर मरीजों के समुचित इलाज के निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव पहुंचे मातृ-शिशु अस्पतालउप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव पहुंचे मातृ-शिशु अस्पताल उप मुख्यमंत्री श्री साव ने अस्पताल परिसर में निर्माणाधीन बाउंड्रीवाल और भवन का जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान अधिकारियों को सभी कार्यों को निर्धारित समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। नए भवन के निर्माण के बाद यहां बिस्तरों की संख्या 50 से अधिक हो जाएगी।

## एक नजर

### आचार्य विद्यासागर महाराज के अष्टधातु से निर्मित विशाल चरण की स्थापना



**सिमगा, 15 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सिमगा संत शिरोमणि आचार्य भगवन गुरुवर विद्यासागर महाराज की समाधि डोंगरगढ़ छत्तीसगढ़ में 18 फरवरी 2024 को हो गई थी आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर सिमगा छत्तीसगढ़ में आचार्य विद्यासागर महाराज के अष्टधातु से निर्मित विशाल चरण की स्थापना आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर सिमगा में संपन्न होगी। डोंगरगढ़ से आचार्य भगवान का चरण चिन्ह लेने के लिए सिमगा जैन समाज डोंगरगढ़ पहुंची डोंगरगढ़ में विराजमान आर्यइका 105 आदर्श मति माताजी से मंगल आशीर्वाद लेकर आचार्य भगवान के चरण चिन्ह सिमगा जैन मंदिर में पहुंचा। पंडित नितिन शास्त्री के द्वारा आचार्य भगवान 108 विद्यासागर महाराज के चरण चिन्ह की स्थापना एवं आचार्य छत्तीसी विधान किया जाना है। चरण चिन्ह का नगर भ्रमण सुबह प्रातः 7:30 एवं आचार्य छतीसी विधान दोपहर 1:00 होना है अत्यंत हर्ष उल्लास के साथ पूरे जैन समाज विधि विधान से आचार्य भगवान के चरण चिन्ह मंदिर में विराजमान किया गया।

### आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार, 15 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्राकृतिक आपदा से मृत एक व्यक्ति के निकट परिजनों के लिए 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत स्वीकृति प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभान्वित हितग्राही में कौशल रजक पिता गया राम रजक, निवासी ग्राम कंजी तहसील बलौदा बाजार शामिल हैं। हितग्राही के निकट परिजनों के तालाब के में डूबने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### पत्थलगांव बस स्टैंड में सुलभ शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराई गई

**जशपुर, 15 जून।** संबंधित विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पत्थलगांव विकास खंड के बस स्टैंड में लोगों की सुविधा के लिए सुलभ शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराई गई है जिसमें महिला प्रसाधन भी है महिला प्रशाधन के लिए कोई भी शुल्क नहीं ली जाती है। पूर्व में बस स्टैंड में एक ओपन यूरिनल था जिसे डिस्मेंटल किया गया था वर्तमान में बस स्टैंड कंपाउंड में जगह खाली नहीं होने के कारण से ओपन यूरिनल बनाया जाना संभव नहीं है।

### कलेक्टर ने अटल परिसर निर्माण कार्य का किया अवलोकन

**जशपुर, 15 जून।** कलेक्टर रोहित व्यास ने शनिवार को जशपुरनगर के विकास एवं सौंदर्यीकरण के कार्यों का अवलोकन किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष गंगाराम भगत, नगरपालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, नगर पालिका सीएमओ योगेश्वर उपाध्याय सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने जिला संग्रहालय परिसर के निर्माणाधीन अटल परिसर का अवलोकन किया। जहां जनप्रतिनिधियों के साथ अटल परिसर को लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनाने हेतु यहां बैठने की व्यवस्था, लाइटिंग आदि व्यवस्थाओं को विकसित करने हेतु चर्चा की। कलेक्टर ने निर्माण कार्य का अवलोकन करते हुए गुणवत्तापूर्ण रूप से इसे जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके पश्चात सभी ने नालंदा परिसर हेतु प्रस्तावित भूमि का अवलोकन करते हुए लाइब्रेरी निर्माण पर चर्चा की। जहां कलेक्टर ने लाइब्रेरी के निर्माण हेतु बनाई गई डिजाइन पर जनप्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए आसपास ऑक्सी जोन निर्माण, लाइब्रेरी के संचालन, भवन निर्माण, लेआउट आदि पर विस्तृत चर्चा कर उनके सुझाव भी लिए।

# तस्करों पर वन विभाग की टीम ने कसा नकेल बेशकीमती लकड़ियां जब्त की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 15 जून।** वनमंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील के निर्देशन में लगातार वन और वन्यजीव अपराध पर कड़ी निगरानी कर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में गुरुवार क़ोसोनाखान परिक्षेत्र में सर्च के दौरान एक बाड़ी में रखे 67 नग चिरान मूल्य लगभग 50 हजार जब्त किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार परिक्षेत्र सोनाखान ग्राम चिखली में सर्च के द्वारा तिलक राम पिता दुवारू कर्ष के घर एवं बाड़ी में तलाशी किया गया। तलाशी के दौरान सागोन एवं बीजा चिरान 67नग अवैध रूप से रखा हुआ पाया गया।परिक्षेत्र सहायक सोनाखान, नवागाव एवं वन कर्मचारियों तथा सुरक्षा श्रमिकों द्वारा तलाशी किया गया जब्त वनोपज की अनुमानित क़ीमत 50000 पचास हजार रूपये है। अभियुक्त के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम 1927 के अंतर्गत कार्यवाही किया गया है।

वनमंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील ने वन्य प्रेमियों व नागरिकों से अपील की है कि वे वनों और वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए अवैध कटाई, अवैध शिकार अन्य अपराधों को रोकने के लिए वन विभाग को तत्काल सूचित करे। कार्यवाही के दौरान एससीएफ़ओ योगेश कुमार साहू, बीएफ़ओ खगेश्वर ध्रुव, मुकुल बघेल, बुद्धेश्वर दिवाकर तथा सुरक्षा श्रमिक एवं स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।



### माँ छुरिया देवी मंदिर प्रांगण में चला स्वच्छता महाअभियान



**मोहला, 14 जून।** जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत आज ग्राम मोहला स्थित ऐतिहासिक एवं आस्था के केंद्र माँ छुरिया देवी मंदिर प्रांगण में विशेष स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह एवं कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने स्वयं भाग लेकर मंदिर परिसर के विभिन्न हिस्सों में श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम में जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी, स्वसहायता समूह की स्वच्छता दीदियां तथा स्थानीय ग्रामीणों ने मिलकर सामूहिक श्रमदान किया। सभी ने मंदिर प्रांगण के कोने-कोने को स्वच्छ किया और स्वच्छता के महत्व को समझाते हुए जागरूकता का संदेश दिया। अभियान के माध्यम से केवल स्वच्छता कार्य ही नहीं किया गया बल्कि समाज में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक सोच एवं जिम्मेदारी की भावना को भी मजबूती दी गई। जिला स्तरीय अधिकारियों -कर्मचारियों एवं स्वच्छता दीदियों की सक्रिय भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही जिन्होंने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ श्रमदान किया।

### पुलिस ने ग्राम बलौदा, सबरिया डेरा व घटमड़वा में मारा छापा

# 40 लीटर कच्ची शराब व 11 क्विंटल महुआ पास के साथ आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 15 जून।** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना गिधौरी की पुलिस टीम द्वारा ग्राम बलौदा सबरिया डेरा एवं ग्राम घटमड़वा में छापामार कार्यवाही किया गया। इस दौरान ग्राम घटमडवा में पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 8000 कीमत मूल्य का 40 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं बिक्री रकम जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना गिधौरी में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। इसी क्रम में बलौदा सबरिया डेरा में अवैध महुआ शराब बनाने में इस्तेमाल कुल 11 क्विंटल महुआ पास जप्त किया गया, जिसे पुलिस टीम द्वारा मौके पर ही नष्ट किया गया है। आरोपी का नाम रामेश्वर (23) निवासी ग्राम घटमडवा थाना गिधौरी है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिले में होगा योग महाकुंभ

**जशपुरनगर, 15 जून।** ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राज्य शासन के निर्देशानुसार 15 जून से 21 जून तक योग महाकुम्भ-योग को उत्सव के रूप में मनाने एवं अधिक से अधिक जनसामान्य को प्रेरित करने हेतु योग सप्ताह के रूप में विविध योग संबंधी गविधियाँ का आयोजन प्रातः 07:00 बजे से 08:00 बजे जशपुर जिले के निम्नानुसार ग्राम पंचायतों में अलग अलग तिथियों में किया जाना है। विकासखंड जशपुर- जशपुर के मंगल भवन, शा. हाई स्कूल लुईकोना, शा.हाई स्कूल पील्खी, शा.प्रा.शाला कदमटोली, लोदाम (मा.शा.भवन), शा.प्रा.शालातेलीटोली, शा.हाई स्कूल पोरतेंगा, दरबारीटोली आयुष क्लिनिक, आई.टी.आई आरा, भागलपुर डाईट जशपुर, प्राथमिक शाला इचकेला, हाई स्कूल नीमगांव, शा.उ.मा.वि. गम्हरिया, विकासखंड मनोरा- शा. हाई स्कूल बहरना, शा.प्रा.शाला रजला, शा.प्रा.शाला सराईडीह, शा.प्रा.शाला सोनक्यारी, शा.प्रा.शाला आमगांव, शा.प्रा. शाला गिधा,शा.प्रा.शाला बेलडीह, शा.प्रा.शाला डुमरटोली, सेजश हिन्दी माध्यम स्कूल मनोरा, शा.प्रा.शाला घाघरा, शा. हाई स्कूल गजमा, शा.प्रा.शाला अलोरी बगीचा विकासखंड- शा.उ.मा.वि. बगीचा, शा.प्रा.शाला. चुन्दापाठ, शा.प्रा.शाला सन्ना, शा.प्रा.शाला गुडलु, शा.प्रा.शाला रेंगले, शा.प्रा.शाला पोरकट, शा. हाई स्कूल चम्पा,।शा.प्रा.शाला सराईपानी, शा. हाई स्कूल सरबकोम्बो, शा.प्रा. शाला गायबुडा, शा.प्रा.शाला एकम्बा, शा.प्रा.शाला महुआडीह, शा. हाई स्कूल रनपुर, शा.प्रा.शाला ढोढरअम्बा, शा.प्रा.शाला भडिया, शा.प्रा.शाला डोभ, शा. हाई स्कूल सामबहार, शा.प्रा.शाला मुढी, शा.प्रा.शाला कवई, शा.प्रा.शाला घुघरी, शा.प्रा.शाला बम्बा, शा.प्रा.शाला सुलेशा, शा.प्रा. शाला खेडार, शा.प्रा. शाला कुरोंग कांसाबेल विकासखंड- शा.उ.मा.वि. कांसाबेल,शा.उ.मा.वि. बटईकेला, शा.उ.मा.वि. छेराघोघरा, शा.उ.मा.वि. टांगरगांव, शा.उ.मा.वि. चोंगरीबाहर, शा.उ.मा.वि. पोंगरो, शा.उ.मा.वि. देवरी, शा.उ.मा.वि. खुंटीटोली, शा.उ.मा.वि. शबदमुण्डा, शा.उ.मा.वि. डांडपानी, शा.उ.मा.वि. दोकड़ा, कुनकुरी विकासखंड- शा.हाई स्कूल कुंजारा, शा.प्रा.शाला नारायणपुर में योग कराया जाएगा।

### पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक के ग्राम बोदरापारा में

# पीएम आवास की पक्की दीवारों से खुशहाल होते परिवार

**कोरबा 15 जून।** गाँव में मजदूरी कर कच्चे मकान में मुसीबतों का साथ जिंदगी गुजारते आए झूल सिंह और उनकी पत्नी फुलकुँवर को नहीं लगता था कि वे भी कभी पक्का मकान बना पाएंगे। उनकी जिंदगी तो जभी कुछ काम मिले तो उनकी मजदूरी में और कभी न मिले तो घर के चाहरदीवारी में ही बीत जाया करती है, ऐसे में पक्का मकान बना पाना तो उनके लिए दूर की कौड़ी ही थी। जैसे-तैसे अपनी जिंदगी को जीते आ रहे झूलसिंह और उनकी पत्नी फुलकुँवर का भी सपना था कि उनका भी आशियाना ठीक ठाक हो। कम से कम खपरैल वाले छत और मिट्टी की दीवारें तो न हो, क्योंकि इन मिट्टी की दीवारों और खपरैल की छत की वजह से उन्हें बारिश में हमेशा परेशानी उठानी पड़ती है। कई मुसीबतों का बीच उन्हें रहना पड़ता था। जब इन्हें मालूम हुआ कि प्रधानमंत्री आवास योजना में उनका नाम है तो इनकी खुशियों का ठिकाना न रहा। अपनी जरूरी दस्तावेज जमा कर पहली किश्त हासिल की और खुशी-खुशी उस कच्चे मकान की दीवारों को ढहा दिया जो उन्हें मुसीबतों से वास्ता कराती थीं। अब मजबूत नींव के साथ ही वे न सिर्फपक्के मकान के लिए पक्की दीवारे उठा रहे हैं... अपने सपनो को पूरा करने के साथ ही खुशियों को भी पक्का कर रहे हैं।



कोरबा शहर से लगभग 90 किलोमीटर दूर पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के दम्हामुड़ा के आश्रित ग्राम बोदरापारा में रहने वाले झूलसिंह मरपच्ची और उनकी पत्नी फुलकुँवर ने बताया कि गाँव में मजदूरी के भरोसे घर चलता है। सीजन के साथ ही कुछ वनोपज संग्रहण कर लेते हैं और तेन्दूपत्ता भी तोड़कर बेचते हैं। इससे कुछ रुपयों का इंतजाम हो जाता है। झूलसिंह ने बताया कि घर पर दो बच्चे हैं। यहाँ कई पीढ़ी से कच्चे मकान में ही रहते आये हैं। कच्चे मकान में बारिश के दिनों में खपरैलों के बीच से पानी टपकना और कच्ची दीवारों को नुकसान होना आम बात है। गाँव में कुछ अन्य लोगो के पक्के मकान को देखकर उन्हें भी लगता था कि उनका भी घर पक्का बन जाये तो उन्हें मुसीबतों से मुक्ति मिल जाएगी। लेकिन उनका यह सपना कभी पूरा हो भी पायेगा,ऐसा उन्हें लगता ही नहीं था,क्योंकि उनके पास पक्का घर बनाने के लिए इतने पैसे ही नहीं थे।

## लालमती ने मजबूत इरादों के साथ बनाई अपनी खुद की पहचान

### शटरिंग प्लेट कार्य का कर रही बेहतर संचालन

- निजी भवनों, प्रधानमंत्री आवास भवनों के छतों की ढलाई करने के लिए शटरिंग प्लेट उपलब्ध कराती है, मुख्यमंत्री का जताया आभार



**जशपुर, 15 जून।** जशपुर जिले के गम्हरिया ग्राम की श्रीमती लालमती आज ग्रामीण क्षेत्र की उन प्रेरणादायी महिलाओं में से एक हैं, जिन्होंने अपने मजबूत इरादों और शासन की योजनाओं के लाभ से अपने जीवन की दिशा बदली है। पहले मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करने वाली लालमती आज सफल उद्यमी के रूप में गांव में एक नई पहचान बना चुकी हैं।

लालमती वर्ष 2020 में प्रजापति गौरी स्व-सहायता समूह से जुड़ीं। वह बताती हैं कि उन्हें जब बिहान योजना के बारे में जानकारी मिली कि इसके माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ मिलता है, तब उन्होंने समूह से जुडने् का निर्णय लिया। इसके बाद उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आने लगे।

लालमती ने सबसे पहले उद्योग विभाग से लोन लेकर छत ढलाई में उपयोग होने वाले शटरिंग प्लेट का व्यवसाय शुरू किया। फिर जनवरी 2025 में उन्हें प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत ऋण प्राप्त हुआ, जिसमें साधन संस्था द्वारा तकनीकी सहयोग भी प्रदान किया गया। आज उनके पास 200 से अधिक शटरिंग प्लेट हैं और इस व्यवसाय से फरवरी 2025 से अब तक 35,000 से 40,000 रुपये तक का लाभ हुआ है। उन्होंने आगे बताया कि पीएम आवास योजना के अंतर्गत वर्तमान में बन रहे आवास से मुझे अधिक से अधिक जगह पर प्लेट्स की माँग है। जिससे मेरी आय में और वृद्धि हुई है। लालमती ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार जताया।

### मछलियों के संरक्षण के लिए 15 अगस्त तक मत्स्य आखेट पर रहेगा प्रतिबंध

**कोरबा 15 जून।** जिले में वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि को ध्यान में रखकर उनके संरक्षण के लिए छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम के तहत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) घोषित किया गया है। इस अधिनियम के अंतर्गत जिले के समस्त नदियों-नालों तथा छोटी नदियों, सहायक नदियों में जिन पर सिंचाई के तालाब, छोटे-बड़े जलाशयों में सभी प्रकार का मत्स्याखेट 16 जून से 15 अगस्त 2025 तक पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

सहायक संचालक मछली पालन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार नियमों का उल्लंघन करने तथा अपराध सिद्ध होने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र अधिनियम के तहत 01 वर्ष का कारावास तथा 05 हजार रूपए का जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि उक्त नियम केवल छोटे तालाब या अन्य जल स्रोत या नदी-नालों को छोड़कर जिनका संबंध किसी नदी-नाले से नहीं है और उनके अतिरिक्त जलाशय जिनमें केज कल्चर का कार्य किया जा रहा है, उनमें मत्स्य अधिनियम लागू नहीं होंगे।

### चोरखा कछार में वन भूमि से अतिक्रमण हटाने प्रशासन ने की बड़ी कार्रवाई



**अंबिकापुर , 15 जून।** ग्राम चोरखा कछार में शनिवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वन भूमि पर अवैध रूप से बनाए गए 39 घरों पर बुलडोजर चलाया। सुरक्षा के मद्देनज़र मौके पर 500 से अधिक पुलिसकर्मियों के साथ वन विभाग और राजस्व विभाग की टीम मौजूद रही।

जानकारी के अनुसार, लंबे समय से चोरखा कछार क्षेत्र में वन भूमि पर अवैध कब्जा कर घर बनाए गए थे। इस संबंध में वन विभाग ने पूर्व में कब्जाधारियों को नोटिस जारी कर स्वयं हटने का अवसर भी दिया था, लेकिन निर्धारित समय तक कार्रवाई न होने पर प्रशासन ने शनिवार को सख्ती दिखाते हुए अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू की। अभियान के दौरान क्षेत्र में किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति न हो, इसके लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। मौके पर पुलिस, वन विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाया गया। इस बीच, प्रदेश में चल रहे व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि शासन की नीति स्पष्ट है– सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों को पहले नोटिस देकर मौका दिया जाता है, लेकिन निर्धारित समय पर कब्जा न हटाने पर कार्रवाई अनिवार्य हो जाती है। उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण से आम जनता को परेशानी होती है, इसलिए इसे हटाना आवश्यक है।

### इस बार 17 हजार 580 मीट्रिक टन खाद वितरण का लक्ष्य

**कोरबा 15 जून।** जिले में इस बार 17 हजार 580 मिट्रिक टन खाद वितरण का लक्ष्य रखा गया है। बताया जा रहा है कि यह सहकारी और निजी समितियों को मिलाकर है। सहकारी समितियों के माध्यम से लगभग 12 हजार मिट्रिक टन खाद वितरण किया जाना है। समितियों में अब तक लगभग 50 फीसदी से अधिक खाद का भंडारण किया जा चुका है। अभी समितियों तक कम किसान पहुंच रहे हैं। खरीफ फसल के लिए किसानों ने तैयारी शुरू कर दी है। कृषि कार्य से जुड़े विभिन्न विभागों ने किसानों के जरूरत के मुताबिक खाद और बीज भंडारण में जुटे हुए हैं। जिले में हर साल किसानों की संख्या बढ़ रही है। इसके साथ ही खाद और धान के बीज की मांग भी बढ़ रही है। लेकिन भंडारण क्षमता पूर्व की भांति है।

# परीक्षा केंद्र की गलत जानकारी के कारण दर्जनों उम्मीदवार परीक्षा से वंचित

### रायपुर में एडीईओ परीक्षा में अव्यवस्था

**रायपुर, 15 जून।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आज सहायक विकास विस्तार अधिकारी (एडीईओ) की परीक्षा आयोजित की गई. इसमें शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को कोलंबिया कॉलेज, रायपुर में बनी अव्यवस्था का सामना करना पड़ा. रविवार को आयोजित इस परीक्षा के लिए बनाए गए केंद्र की गलत लोकेशन और प्रबंधन की लापरवाही के कारण दर्जनों अभ्यर्थी समय पर केंद्र तक नहीं पहुंच पाए और उन्हें परीक्षा से वंचित होना पड़ा.

अभ्यर्थी रवि कुमार साहू ने बताया कि परीक्षा केंद्र शहर से दूर आउटर इलाके में बनाया गया, जबकि रविवार होने के कारण शहर के सभी कॉलेजों में छुट्टी थी और वहां केंद्र बनाए जा सकते थे. उन्होंने सवाल उठाया, ÷शहर के अंदर सभी व्यवस्थाएं होने के बावजूद आउटर में केंद्र क्यों बनाया गया?÷

कई अभ्यर्थियों ने बताया कि कोलंबिया कॉलेज गूगल मैप पर सही लोकेशन में नहीं दिख रहा था. विधानसभा के मुख्य मार्ग पर स्थित इस कॉलेज को ढूंढने में अभ्यर्थियों को एक-एक घंटे तक भटकना पड़ा. गूगल मैप और पूछताछ के सहारे केंद्र तक पहुंचने की कोशिश करने वाले कई विद्यार्थी समय पर नहीं पहुंच सके.

परीक्षा के लिए सुबह 10 बजे तक रिपोर्टिंग का समय निर्धारित था. कई अभ्यर्थी 9:55 बजे तक कॉलेज कैंपस पहुंच गए, लेकिन उन्हें लेट होने का हवाला देकर प्रवेश नहीं दिया गया. केंद्र प्रबंधन ने किसी भी अभ्यर्थी की बात सुनने से इनकार कर दिया. भटकने के बाद केंद्र तक पहुंचे विद्यार्थी गिड़गिड़ाते रहे, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई.

अभ्यर्थियों ने कॉलेज प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया. उनका कहना है कि केंद्र की सही जानकारी और लोकेशन उपलब्ध न होने के कारण कई बेरोजगार युवा इस महत्वपूर्ण परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए. अभ्यर्थियों ने कहा कि प्रबंधन ने उनकी समस्याओं पर ध्यान देने की बजाय सख्ती बरती, जिससे उनका भविष्य दांव पर लग गया.

परीक्षार्थियों ने व्यावसायिक परीक्षा मंडल और कॉलेज प्रबंधन से इस लापरवाही की जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है. साथ ही, प्रभावित अभ्यर्थियों के लिए दोबारा परीक्षा आयोजित करने की भी अपील की गई है.



## एक नजर

### 5 लाख बयाना लेकर जमीन दूसरे को बेची, ठगी का मामला दर्ज

**रायपुर, 15 जून।** जमीन एवं मकान बिक्री करने का सौदा तय कर 5 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली थाना पुलिस ने दंपति के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मोहम्मद आसीफ मेमन 50 वर्ष बैजनाथपारा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी राजेश तायवाड़े और उसकी पत्नी उमा लोखण्डे ने प्रार्थी को बैजनाथपारा स्थित जमीन व मकान को बेचने के लिए सौदा तय कर 5 लाख रुपए ब्याना ले लिया और मकान की रजिस्ट्री कर दूसरे को बेच दिया। जब प्रार्थी को इस बात की जानकारी हुई तो उसने इसकी शिकायत कोतवाली थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।

### रिक्शा सवार अधेड़ के बैग से नकदी पार

**रायपुर, 15 जून।** ईरिक्शा में सवार अज्ञात दो महिला ने अधेड़ के बैग से नकदी 60 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी आरीफ खान 55 वर्ष नवदुर्गा चौक बलौदाबाजार का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह ईरिक्शा में सवार होकर कहीं जा रहा था, तभी आनंद नगर ढाल से जयस्तंभ चौक के मध्य रिक्शा में सवार अज्ञात दो महिला ने प्रार्थी के बैग से 60 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सूने मकान से नकदी सहित जेवर पार



**रायपुर, 15 जून।** हाउसिंग बोर्ड कालोनी सेजबहार स्थित सूने मकान का खिड़की तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 9 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मुजगहन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी प्रितम द्विवेदी 36 वर्ष हाउसिंग बोर्ड कालोनी सेजबहार का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी 9 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 59 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### ऑफिस से 24 नग बैटरी पार

**रायपुर, 15 जून।** ग्राम छतौद स्थित इंडस टावर प्राइवेट लिमिटेड के ऑफिस से अज्ञात चोर ने 24 नग बैटरी पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हैदर अंसारी 25 वर्ष मोहभट्टा नेवरा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके इंडस टावर प्राइवेट लिमिटेड ऑफिस से 24 नग बैटरी पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 60 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलापु अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### चाकू के साथ दो युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 15 जून।** उरला पुलिस ने चाकू लेकर आतंक फैलाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार उरला पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पंकज आक्सीजन के पास चाकू लहरा कर आतंक फैलाते हुए आरोपी प्रकाश मधुकर 22 वर्ष और अर्जुन गुप्ता 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से चाकू जब्त कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### छत्तीसगढ़ में कल से शुरू होगा शाला प्रवेश उत्सव

# सीएम की अपील : जनप्रतिनिधि करें सहभागिता

**रायपुर, 15 जून।** छत्तीसगढ़ में सोमवार 16 जून से नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होने जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर प्रदेश के समस्त जनप्रतिनिधियों को पत्र लिखकर शाला प्रवेश उत्सव में सक्रिय भागीदारी की अपील की है। यह आयोजन राज्य में शिक्षा के क्षेत्र को सशक्त बनाने और शत-प्रतिशत बच्चों का विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में लिखा है कि प्रदेश को शत-प्रतिशत साक्षर बनाने का लक्ष्य चुनौतीपूर्ण अवश्य है, परंतु यह असंभव नहीं है। उन्होंने कहा, असंभव को संभव बनाने के लिए समाज के हर वर्ग को मिलकर सार्थक प्रयास करने होंगे। सबसे पहले यह जरूरी है कि कोई भी बच्चा विद्यालय से वंचित न रहे और सभी बच्चों का समय पर प्रवेश सुनिश्चित हो।

**शाला त्याग दर को खत्म करने की पहल:** मुख्यमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि राज्य में शिक्षा का अधिकार अधिनियम प्रभावशील है, और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत यह सुनिश्चित किया गया है कि कक्षा 12वीं तक शाला त्याग दर को धीरे-धीरे शून्य किया जाए। इसके लिए शैक्षणिक अवरोधों को पहचानकर उन्हें दूर करने की जिम्मेदारी सभी हितधारकों की साझा है।

**मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान:** मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान की शुरुआत की जा रही है, जिसका उद्देश्य शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता को सुधारना है। साथ ही, सरकार द्वारा शिक्षकों और विद्यालयों का युक्तियुक्तकरण करते हुए शिक्षकविहीन और एकल शिक्षकीय विद्यालयों में शिक्षकों की प्राथमिकता से पदस्थापना की गई है, जिससे शिक्षा का अधिकार हर बच्चे तक पहुंच सके।

**बनाएं जनअभियान :** मुख्यमंत्री के इस पत्र को राज्य में शिक्षा को लेकर एक जनांदोलन की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है, इससे न केवल बच्चों की स्कूल तक पहुंच बढ़ेगी, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता और सामाजिक सहभागिता को भी एक नई दिशा मिलेगी। प्रदेश सरकार के इस प्रयास से उम्मीद की जा रही है कि छत्तीसगढ़ शिक्षा के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम करेगा और शिक्षा के माध्यम से सामाजिक व आर्थिक सशक्तिकरण को गति मिलेगी।

#### अधोसंरचना विकास सरकार की प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि राज्य में स्कूल शिक्षा क्षेत्र की अधोसंरचना और मूलभूत सुविधाओं के विकास को सरकार ने अपनी शीर्ष प्राथमिकताओं में रखा है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे शाला प्रवेश उत्सव के दौरान अपने-अपने क्षेत्रों में व्यक्तिगत सहभागिता करें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा विद्यालय से बाहर न रहे।

#### सामाजिक सहभागिता से संवरता भविष्य

मुख्यमंत्री ने कहा, हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे इस परिकल्पना को साकार करने के लिए हम सभी को मिलकर परिणाममूलक कार्य करने होंगे। उन्होंने आशा जताई कि सभी जनप्रतिनिधि इस अभियान का नेतृत्व कर सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करेंगे और छत्तीसगढ़ को एक शिक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर राज्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## छत्तीसगढ़ में शिक्षा का नया सूर्योदय अब कोई स्कूल शिक्षकविहीन नहीं



**रायपुर, 15 जून।** छत्तीसगढ़ राज्य ने शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए एक नया आयाम स्थापित किया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी नीति के चलते आज प्रदेश का प्राथमिक से लेकर हायर सेकण्डरी तक कोई भी स्कूल शिक्षक विहीन नहीं रह गया है। राज्य की एकल शिक्षकीय शालाओं की संख्या में 80 प्रतिशत की कमी आई है। यह परिवर्तन युक्तियुक्तकरण के माध्यम से संभव हो सका है, जिसका उद्देश्य राज्य के शैक्षणिक संसाधनों का न्यायसंगत उपयोग, शिक्षकों की तर्कसंगत पदस्थापना और शिक्षा के अधिकार अधिनियम व नई शिक्षा नीति की भावना के अनुरूप शालाओं में आवश्यकता के अनुरुप शिक्षकों की पदस्थापना रहा है । गौरतलब है कि युक्ति-युक्त करण से पर्व प्रदेश में 453 विद्यालय शिक्षक विहीन और 5936 विद्यालयों में मात्र एक ही शिक्षक पदस्थ था। विशेषकर सुकमा, नारायणपुर और बीजापुर जैसे दूरस्थ और संवेदनशील जिलों में यह समस्या अधिक थी।

## अग्रवाल संगठन ने की जनगणना में अग्रवाल जाति को अलग से अंकित करने की मांग

### मुख्यमंत्री साय के जरिए रजिस्ट्रार जनरल को भेजा पत्र




**रायपुर, 15 जून।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन ने आगामी प्रस्तावित जनगणना के प्रपत्र (फार्म) में जातियों की निर्धारित सूची में ÷अग्रवाल जाति÷ को पृथक रूप से अंकित किए जाने की मांग की है. इस संबंध में राष्ट्रीय रजिस्ट्रार जनगणना को संबोधित पत्र ज्ञापन के तौर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को सौंपा है.

छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ अशोक अग्रवाल के नेतृत्व में गए प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से कहा कि अग्रवाल जाति के लोग परंपरागत रूप से व्यापार व्यवसाय वाणिज्य में संलग्न रहे हैं, इसलिए इन्हें ब्रिटिश शासन काल के समय से ही बनिया या वैश्य शब्द से संबोधित किया जाता रहा है, और जातिगत कालम में भी यही दोनों शब्द प्रीफिक्स के रूप में उपलब्ध हैं, ब्रिटिश शासन के समय से ही जनगणना में यह त्रुटि चली आ रही है, जिसे अब आगामी जनगणना में सुधारने की अपील है.

प्रांतीय संगठन मंत्री सुनील अग्रवाल बॉबी ने बताया कि भारत सरकार ने आगामी जनगणना के अंतर्गत देश के समस्त नागरिकों की सामाजिक ङ्क आर्थिक स्थिति के साथ ही जाति (कास्ट) की जानकारी एकत्र करने कास्ट सेन्सस की घोषणा की है. अग्रवाल समाज भारत सरकार की इस घोषणा का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री के माध्यम से प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर आगामी प्रस्तावित जनगणना के प्रपत्र (फार्म) में जातियों की निर्धारित सूची में अग्रवाल जाति को पृथक रूप से अंकित करने की मांग की है.

जातिगत जनगणना के मामले पर मुख्यमंत्री ने भी अपनी सहमति जताते हुए कहा कि वे इसे जरूर अग्रेषित कर अग्रवाल समाज को जाति के रूप में दर्ज करने निवेदन करेंगे. प्रतिनिधि मंडल में सूरजपुर से राजेश महालवाला, मुकेश गर्ग, प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष बिलासपुर से राजेंद्र अग्रवाल राजू, प्रांतीय महामंत्री संजय अग्रवाल रायपुर, प्रांतीय उपाध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल नंदू, प्रांतीय संगठन मंत्री अजय खेतान रायपुर, भीमसेन अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, सहित, अनेक सरगुजा संभाग के प्रतिनिधि उपस्थित रहे.

## छत्तीसगढ़ में फिर बढ़ने लगे कोरोना के मामले, आज 6 नए मरीज मिले




**रायपुर, 15 जून।** राज्य में एक बार फिर कोरोना संक्रमण ने दस्तक दी है। कोरोना कंट्रोल एवं डिमांड सेंटर से मिली जानकारी के मुताबिक, आज छत्तीसगढ़ में 6 नए कोरोना संक्रमित मरीजों की पुष्टि हुई है। ये नए मामले बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग जिलों से सामने आए हैं। तीनों जिलों से 2-2 मरीज पाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान में प्रदेश में कुल 50 सक्रिय मामले हैं। इनमें से 40 मरीज होम आइसोलेशन में इलाजरत हैं, जबकि 9 मरीजों को अस्पताल के सामान्य वार्ड में भर्ती किया गया है। गंभीर हालत में एक मरीज को आईसीयू में रखा गया है। अब तक राज्य में कुल 55 मरीज संक्रमण से पूरी तरह ठीक होकर डिस्चार्ज किए जा चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग लगातार लोगों से सतर्क रहने और कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करने की अपील कर रहा है। विभाग ने मास्क पहनने, भीड़भाड़ से बचने और हाथों की स्वच्छता बनाए रखने की सलाह दी है।

## अवैध शराब के साथ पांच आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, 15 जून।** राजधानी पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर अवैध शराब बेचते 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 195 पाव देशी व विदेशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा पुलिस ने सड्डू बाजार के पास अवैध शराब के साथ आरोपी जगन्नाथ कुम्हार 30 वर्ष व कैलाश कुम्हार 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 92 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं धरसींवा पुलिस ने नंदन स्टील कंपनी के पीछे सिलतरा के पास आरोपी कुलेश्वर निषाद 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 20 पाव देशी शराब जब्त किया है। इसी तरह मंदिरहसौद पुलिस ने ग्राम नवागांव के पास यशकुमार मण्डावी 22 वर्ष के पास से 42 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं सिविल लाइन पुलिस ने तरूण नगर पंडरी के पास आरोपी विक्रम वर्मा 68 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 41 पाव देशी व विदेशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।




### मोर गांव-मोर पानी महाअभियान से मिल रही जल संरक्षण को नई दिशा

# इंजेक्शन वेल तकनीक से भूजल स्तर बढ़ाने की पहल

**रायपुर, 15 जून।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार राज्य के सभी जिलों में जल संरक्षण एवं संचयन के विशेष प्रयास किए जा रहे हैं इसी तारतम्य में बिलासपुर जिले में जल संरक्षण एव जल संचय के वृहद प्रयास किये जा रहे है। जिला प्रशासन द्वारा मोर गांव मोर पानी महाअभियान के तहत इस दिशा में कार्ययोजना बनाकर व्यापक कार्य किये जा रहे है। सुशासन तिहार में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आगमन कोटा ब्लॉक के ग्राम आमागोहन में हुआ था। ग्राम आमागोहन से ही भूजल स्तर बढ़ाने का प्रयास कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में शुरू किया गया।

मोर गांव मोर पानी महाअभियान के तहत जिले में भूजल रिचार्ज की आधुनिक तकनीक इंजेक्शन वेल को तेजी से अपनाया जा रहा है। यह तकनीक गांव को जल संकट से निजात दिलाने और भविष्य के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**जनभागीदारी से मिल रही सफलता:** जिला प्रशासन द्वारा मोर गांव मोर पानी अभियान को जन आंदोलन के रूप में अपनाया जा रहा है। जिले में इसके लिए जनजागरुकता का कार्य मनरेगा और एनआरएलएम के दल द्वारा किया जा रहा है। जिससे भू जल के कम से कम उपयोग और भूजल स्तर को बढ़ाने के प्रयास में जनभागीदारी पर जोर दिया जा रहा है फ्लस्वरूप अब तक विगत 1 माह में ही 54 बोरी बंधान के कार्य नालों में कर लिए गए है। तेज बहाव को कम करते हुए आसपास के भूजल स्तर को बढ़ाया जा सके।



#### क्या है इंजेक्शन वेल तकनीक

इंजेक्शन वेल एक ऐसी प्रणाली है, जिसमें वर्षा जल को सीधे जमीन के भीतर स्थित जल स्तर तक पहुंचाया जाता है। यह प्रक्रिया पानी के भंडारण से अधिक प्रभावी होती है। क्योंकि यह भूजल को सीधे रिचार्ज करती है। जिससे हैंडपंप, कुएं और तालाब पुनः जलयुक्त हो जाते है। ग्राम अमागोहन, सोनपुरी में इंजेक्शन वेल तकनीक का उपयोग कर वर्तमान में सूखे तालाबों, पार्कोलेशन टैंक, डबरियों में इंजेक्शन वेल का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य से सतही जल एवं वर्षा जल को तालाब में जमा कर उसे फिल्टर करते हुए साफ पानी से भूजल स्तर को रिचार्ज किया जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26